दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अनोखी होती है..........
मेला.......

वर्ष : 11 | अंक : 32 | लखनऊ, 18 जनवरी, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पीएम मोदी ने किया ऑटो एक्सपो का उद्घाटन

## पिछले साल में लगभग 12% की दर से आगे बढ़ी ऑटो इंडस्ट्री

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12% की दर से आगे बढ़ी है...इतनी कई देशों की आबादी नहीं है जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का इस साल विस्तार हुआ है। पिछले साल 800 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया था और 1.5 लाख से अधिक लोगों ने दौरा किया था। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में इसका आयोजन किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि कई नई गाड़ियां लॉन्च की जाएंगी.. गतिशीलता के भविष्य को लेकर भारत में सकारात्मकता है... भारत का ऑटोमोटिव उद्योग शानदार और भविष्य के लिए तैयार है। एक्सपो 9 से अधिक समवर्ती शो, 20 से अधिक सम्मेलन और मंडपों की मेजबानी करेगा। इसके अलावा, एक्सपो में उद्योग और क्षेत्रीय स्तरों के बीच सहयोग को सक्षम करने के लिए गतिशीलता क्षेत्र में नीतियों और पहलों को प्रदर्शित करने के लिए राज्य सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अगले वर्ष तक यह विश्व का सर्व प्रथम सर्वश्रेष्ठ और पूरे सेक्टर के लिए दुनिया में वन स्टॉप डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा...भारत मोबिलिटी 2025 इंडिया स्टोरी को दुनिया के सामने पेश करता है, जो इन्वेस्टमेंट्स और हमारे निर्यात को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## प्रधानमंत्री ने एमजीआर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के संस्थापक एवं तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन (एमजीआर के नाम से लोकप्रिय) को शुक्रवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि गरीबों को सशक्त बनाने तथा बेहतर समाज के निर्माण के उनके प्रयासों से उनकी सरकार को प्रेरणा मिलती है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं एमजीआर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम गरीबों को सशक्त बनाने और बेहतर समाज के निर्माण के उनके प्रयासों से बहुत प्रेरित हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने एक वीडियो क्लिप भी साझा किया, जिसमें विभिन्न मौकों पर एमजीआर के बारे में दिए गए उनके भाषणों के अंश संकलित किए गए हैं। बेहद सफल अभिनेता रामचंद्रन द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य थे लेकिन एम करुणानिधि के साथ मतभेदों के बाद उन्होंने अन्नाद्रमुक की स्थापना की। एमजीआर तमिलनाडु के करीब 10 साल तक मुख्यमंत्री रहे। उनका 1987 में निधन हुआ और वह अपने जीवन के अंतिम समय तक मुख्यमंत्री पद पर रहे।

# निर्वाचन आयोग मिल्कीपुर उपचुनाव अपनी कड़ी निगरानी में कराए: अखिलेश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया कि वह अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में अधिकारियों की तैनाती का संज्ञान लेने के साथ अपनी कड़ी निगरानी में यह उपचुनाव कराए।

सपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा चुनाव आयोग मिल्कीपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के पक्षपाती अधिकारियों की तैनाती का संज्ञान ले और अपनी निष्पक्ष कार्यशैली की स्वस्थ परंपरा को सुनिश्चित करते हुए अपनी कड़ी निगरानी में चुनाव करवाए। यादव ने इसी पोस्ट में अयोध्या में तैनात पुलिस अधिकारियों के ब्योरे का एक स्केच भी साझा किया है जिसमें उन्होंने दावा किया है कि कुल 19 पुलिस अधिकारियों में सिर्फ तीन पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) अधिकारी हैं। कुल तैनाती में पीडीए की हिस्सेदारी तीन प्रतिशत बतायी गयी है। सपा के अवधेश प्रसाद के फैजाबाद (अयोध्या) से सांसद चुने जाने के बाद मिल्कीपुर सीट रिक्त हुई है। प्रसाद 2022 के विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर से निर्वाचित हुए थे। मिल्कीपुर में उपचुनाव के लिये पांच फरवरी को मतदान होना है और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी।

भाजपा ने मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी ने फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारकर समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया है, जो इंडिया गठबंधन का एक घटक दल है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफटी 24,641.80

# ट्रक और बस की टक्कर में चार यात्रियों की मौत, 15 घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, चित्तूर में एक बस और डंपर ट्रक की टक्कर में चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजकर 15 मिनट पर चित्तूर जिले के गजुलापल्ली गांव में हुई। चित्तूर के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी टी. साईनाथ ने पीटीआई-भाषा को बताया, चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। घायलों में से चार की हालत गंभीर है और 11 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि मदुरै जा रही बस तिरुपति से 26 यात्रियों के साथ आई थी। पुलिस ने बताया कि ट्रक ने बस को किनारे से टक्कर मारी। साईनाथ ने बताया कि घायल यात्रियों को सीएमसी वेल्लोर, एसवीआईएमएस और अन्य स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया और फिलहाल ट्रक चालक फरार है।

# महाकुंभ 2025 में दिखी तेजस की झलक

## पंडाल बना आकर्षण का केंद्र, तिरुपति और सोमनाथ के भी हुए दर्शन

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, महाकुंभ 2025 मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में कई साधुओं की साधना से लेकर अपनी बातों के कारण चर्चा में आए हुए है। महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था से लेकर यहां की अन्य व्यवस्थाओं तक बेहद शानदार है। महाकुंभ में रोजाना लाखों श्रद्धालु श्रद्धा की डुबकी लगा रहे है।

प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ 2025 मेले में इन दिनों 'तेजस पंडाल' एक विशेष आकर्षण के रूप में उभरा है। ये पंडाल मूल रूप से भारतीय वायु सेना के एचएएल तेजस विमान से प्रेरित है। इसके निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महंत बृजभूषण दास जी महाराज ने बताया कि पंडाल का उद्देश्य भारत की प्रगति और ताकत को प्रदर्शित करना है। दुनिया भर से श्रद्धालु पंडाल में आ रहे हैं, यादें संजो रहे हैं और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मना रहे हैं। एएनआई से बात करते हुए महंत बृजभूषण दास जी महाराज ने कहा, तेजस विमान भारत के गौरव और ताकत का प्रतीक है, जो हमारे देश में ही बनाया गया है। यह हमारी बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। हमने एक शक्तिशाली संदेश देने के लिए महाकुंभ में तेजस विमान द्वार तैयार किया है: भारत अब किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पर्याप्त मजबूत है। उन्होंने कहा, हम अब दूसरों पर निर्भर नहीं हैं, हम चांद, मंगल और उससे भी आगे पहुंच चुके हैं। हमारे सैनिकों को समर्पित यह तेजस विमान भारत की शक्ति और प्रगति का सबूत है। हम चाहते हैं कि दुनिया देखे कि हम कितनी दूर आ गए हैं और भारत इस दिशा में अग्रणी है।

### करोड़ों लोगों ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम में श्रद्धालुओं का आना और गंगा और त्रिवेणी में डुबकी लगाना अनवरत जारी है। मेला प्रशासन के मुताबिक 11 जनवरी से 16 जनवरी तक इन छह दिनों में सात करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक बृहस्पतिवार को ही 30 लाख से ज्यादा लोगों ने महाकुंभ में गंगा में स्नान किया। राज्य सरकार को महाकुंभ में 45 करोड़ लोगों से ज्यादा लोगों के आने का अनुमान है।

### संक्षिप्त समाचार

## भारत की एक्ट ईस्ट नीति का प्रमुख स्तंभ है सिंगापुर: राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सिंगापुर भारत की एक्ट ईस्ट नीति का एक प्रमुख स्तंभ है और बढ़ती द्विपक्षीय साझेदारी से दोनों देशों के लोगों को काफी लाभ होगा। राष्ट्रपति भवन में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत-सिंगापुर सहयोग ने हाल के वर्षों में और गति पकड़ी है। उन्होंने षणमुगरत्नम के सम्मान में एक भोज का आयोजन भी किया। मुर्मू ने कहा कि सिंगापुर भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत के हमारे दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है।

# खून से लथपथ थे सैफ अली खान, सही समय पर 'भजन' की मौजूदगी से बची जान

## अस्पताल ले जाने वाले ऑटो ड्राइवर ने जो बताया वो कर देगा हैरान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, सैफ अली खान पर चाकू से अटैक हुआ था। इस अटैक के बाद वो खून से लथपथ ऑटो में बैठकर हॉस्पिटल पहुंचे थे। अब उस ऑटो ड्राइवर ने उस रात क्या-क्या हुआ इसे लेकर पूरी कहानी बताई है। भजन सिंह ने बताया कि वो नाइट में ही गाड़ी चलाते हैं और सवारी की तलाश में घूम रहे थे। एक लेडी सामने से भागते हुए आती है और कहती है कि भईया फटाक से यू-टर्न लो और गाड़ी गेट पर लगाओ इमरजेंसी है। किसी को घाव लगा है। मैं जब गेट पर जाता हूं तो दो-चार लोग निकलते हैं। रिक्शा गेट पर लगाने के बाद वहां एक आदमी निकलता है। उसका पूरा सफेद कुर्ता खून से सना हुआ होता है। देखने के बाद मुझे भी अफसोस हुआ कि इसको ज्यादा जख्म लगा हुआ है। मैंने फटाफट बैठाया उनको। उनके साथ एक बच्चा बैठा और उनके साथ एक और आदमी बैठा था। ड्राइवर ने कहा कि ये करीब तीन पौने तीन बजे की बात है। ऑटो में बैठने के बाद मुझे हॉस्पिटल लेने को कहा। वे आपस में बात कर रहे थे। मैंने पूछा कि सर किधर जाएंगे। तो आपस में उन लोगों ने बात की कि लीलावती जाएं या फिर होली फैमिली? सैफ अली खान ने कहा कि लीलावती चलो।

फिर मेरे से उनसे पूछा कितना टाइम लगेगा। हम आठ से दस मिनट में पहुंच गए। जब अस्पताल पहुंचे तो हम उन्हें इमरजेंसी डोर पर लेकर गए। वहां एंबुलेंस खड़ी थी। एंबुलेंस हटी पीछे उसके बाद रिक्शा साइड लगाया।

# रूस के लिए लड़ने वाले 16 भारतीय लापता, 12 की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, साप्ताहिक मीडिया प्रेस को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने शुक्रवार को कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में रूस के लिए लड़ने वाले कुल 126 भारतीयों में से 12 की मौत हो गई है, जबकि 16 भारतीय लापता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 96 वापस आ गए हैं और 18 को अभी भी भारत लौटना बाकी है। रणधीर जयसवाल ने कहा कि बिनिल बाबू की मौत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. हमने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। हमारा दूतावास रूसी अधिकारियों के संपर्क में है ताकि उनका पार्थिव शरीर जल्द से जल्द भारत आ सके। एक अन्य व्यक्ति जो घायल हुआ था, उसका मॉस्को में इलाज चल रहा है...उम्मीद है, वह भी अपना इलाज पूरा होने के बाद जल्द ही भारत लौट आएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आज तक, 126 मामले सामने आए हैं (रूसी सेना में सेवारत भारतीय नागरिकों के) इन 126 मामलों में से 96 लोग भारत लौट आए हैं और उन्हें रूसी सशस्त्र बलों से छुट्टी दे दी गई है। रूसी सेना में 18 भारतीय नागरिक बचे हैं और उनमें से 16 लोगों का कोई अता-पता नहीं है. रूसी पक्ष ने उन्हें लापता के रूप में वर्गीकृत किया है... हम बचे हुए लोगों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी की मांग कर रहे हैं... 12 भारतीय नागरिकों की मृत्यु हो गई है जो रूसी सेना में सेवारत थे। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने रूसी सेना में काम कर रहे भारतीय नागरिकों की शीघ्र छुट्टी की अपनी मांग दोहराते हुए कहा, हमें केरल के एक भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में पता चला है, जो स्पष्ट रूप से रूसी सेना में सेवा करने के लिए भर्ती किया गया था। एक और इसी तरह भर्ती किया गया केरल का भारतीय नागरिक घायल हो गया है और मॉस्को के एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि मॉस्को में हमारा दूतावास परिवारों के संपर्क में है, और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# अरविंद केजरीवाल ने आयुष्मान भारत को बताया सबसे बड़ा घोटाला

## सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई थी रोक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को देश का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया। इससे पहले आज सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें दिल्ली सरकार को इसे लागू करने के लिए केंद्र के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया था। केजरीवाल ने कहा कि मुझे खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने पुष्टि की है कि यह एक फर्जी योजना है।' आयुष्मान भारत देश का सबसे बड़ा घोटाला है. जब केंद्र सरकार बदलती है और इन घोटालों की जांच होती है, तो लोगों को एहसास होगा कि आयुष्मान भारत वास्तव में कितना बड़ा घोटाला था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की शीर्ष अदालत की पीठ ने उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें दिल्ली सरकार को पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को लागू करने के लिए 5 जनवरी तक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया था। मिशन (पीएम-अभिम) पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 24 दिसंबर, 2024 के निर्देश के खिलाफ दिल्ली सरकार द्वारा दायर याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अदालत को याचिका पर नोटिस जारी करना चाहिए क्योंकि आप सरकार को केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था।

# महाकुंभ मेला 2025: कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 28 फरवरी तक निषेधाज्ञा जारी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, महाकुंभ मेला, 2025 की अवधि के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न उत्सवों और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए तथा जिले में कानून व्यवस्था में किसी भी संभावित व्यवधान को रोकने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा 28 फरवरी तक निषेधाज्ञा पारित की गई है। शुक्रवार को एक आधिकारिक संचार में, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, प्रयागराज ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (जिसे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 भी कहा जाता है) की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा की घोषणा की।

घोषणा में निर्दिष्ट किया गया है: आने वाले दिनों में विभिन्न धर्मों/संप्रदायों के त्योहार जैसे महाकुंभ 2025/अमृत स्नान, जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म दिवस, गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, संत रविदास जयंती, माघी पूर्णिमा, वेलेंटाइन डे, शब- ई-बारात, महाशिवरात्रि, अन्य त्योहार और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

आगामी घटनाओं के बारे में बताते हुए एसीपी ने बताया कि, जिले की सांप्रदायिक संवेदनशीलता को देखते हुए, विश्वसनीय स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर, मुझे विश्वास है कि असामाजिक तत्वों द्वारा जिले की कानून-व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने की संभावना है। उक्त त्यौहारों के मद्देनजर शांति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता व्यक्त करते हुए कि असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पैदा न करें, आधिकारिक बयान में कहा गया है: विभिन्न धर्मों/संप्रदायों के त्योहारों और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने के लिए, जनहित में असामाजिक तत्वों के सभी प्रयासों को रोकना आवश्यक है।

अतः स्थिति की तात्कालिकता को देखते हुए, दूसरे पक्ष/पक्षों को सुने बिना या उन्हें नोटिस दिए बिना पारित एकतरफा आदेश के लिए पर्याप्त कारण प्रस्तुत किए गए हैं। सम्पूर्ण कमिश्नरी प्रयागराज में निषेधाज्ञा 16 जनवरी से 28 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। आदेश की विशिष्टताएं इस प्रकार हैं:

1. कोई भी व्यक्ति बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के किसी भी प्रकार का आयोजन, जुलूस, शोभायात्रा, अनशन, धरना, प्रदर्शन आदि नहीं करेगा, न ही सड़क अवरूद्ध करेगा और न ही किसी को ऐसा करने के लिए उकसाएगा, न ही बिना पूर्व अनुमति के किसी आयोजन में भीड़ एकत्र होने के लिए प्रचार-प्रसार करेगा और न ही ऐसे किसी कार्यक्रम में भाग लेगा।

2. कोई भी व्यक्ति/ संगठन/ व्यक्तियों का समूह, जिले के सिविल लाइन्स थाने के पुलिस चौकी धरना स्थल स्थित निर्धारित धरना स्थल (पत्थर चर्च के पास) के अलावा अन्य कहीं भी धरना प्रदर्शन नहीं करेगा।

3. इस आदेश की अवधि में पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के सम्पूर्ण क्षेत्रान्तर्गत परम्परागत धार्मिक आयोजनों के अवसर पर कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी की पूवार्नुमति के बिना कहीं भी ड्रोन का प्रयोग नहीं करेगा। केवल पुलिस एवं प्रशासनिक कार्यों हेतु प्रयुक्त ड्रोन ही इस प्रतिबन्ध से मुक्त रहेंगे।

4. प्रयागराज कमिश्नरी सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा (विकलांग/बुजुर्ग तथा सिख समुदाय के कृपाण को छोड़कर), कुल्हाड़ी, लाठी तथा किसी भी प्रकार का घातक हथियार या आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। केवल पुलिस तथा प्रशासनिक कर्मचारी एवं अधिकारी ही इस प्रतिबन्ध से मुक्त रहेंगे। जनपद के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों/परिसरों में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का हथियार या लाइसेंसी आग्नेयास्त्र लेकर प्रवेश नहीं करेगा।

# मृतका के घर से पुलिस ने दो एंड्रॉयड फोन बरामद किए

## एक साथ उठी मां बेटी की अर्थी, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते बुधवार को मां बेटी की धारदार हथियार से गला रेतकर बदमाशों ने निर्मम हत्या कर दी थी। शुक्रवार को ग्रामीण और रिश्तेदार दिनभर पोस्टमार्टम के बाद मां बेटी का शव आने का इंतजार करते रहे परंतु शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे शव घर पहुंचने के बाद ग्रामीणों में उत्तेजना की लहर फैल गई सनातन संस्कृति में आमतौर पर रात में अंतिम संस्कार नहीं किया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतका गीता का पति प्रकाश कनौजिया शुक्रवार दोपहर को मुंबई से लौटने के बाद रिश्तेदारों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा और इस दौरान पुलिस के कई अधिकारियों ने भी प्रकाश से पूछताछ की।

### डबल मर्डर से क्षेत्र में फैली सनसनी

डबल मर्डर की घटना की जानकारी क्षेत्र में फैलते ही लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं वहीं पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है हालांकि पुलिस द्वारा गठित की गई कई टीमें अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि निर्मम हत्याकांड में किसी करीबी का ही हाथ है। प्रेम प्रसंग पैसे का लेनदेन तथा निजी रंजिश जैसे बिंदुओं पर पुलिस तफ़्तीश में आगे बढ़ रही है। हालांकि मृतका के पिता ने दी गई तहरीर में किसी पर शक जाहिर नहीं किया है। परंतु पुलिस सूत्रों के मुताबिक हत्याकांड की मुख्य वजह प्रेम प्रसंग भी हो सकती है।



पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे मां बेटी के शव

अपुष्ट सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने सीमांत गांवों से दो तीन संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। क्योंकि गुरुवार को आसपास के कुछ लोगों ने दबी जुबान से बताया था की म्रतका गीता के घर में कुछ लोगों का आना-जाना था।

### मलिहाबाद सर्किल के तीन थानों की पुलिस रही मौजूद

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए ऐतिहातन मलिहाबाद सर्किल के माल, मलिहाबाद, रहीमाबाद पुलिस घंटो पहले से मौके पर मौजूद रही।

### रात के अंधेरे में हुआ अंतिम संस्कार

पुलिस की मौजूदगी में गमगीन माहौल के बीच मां बेटी का हुआ अंतिम संस्कार अंतिम संस्कार के समय क्षेत्र के कई नेता परिजनों को ढांढस बांधाने पहुंचे। उन्होंने कातिलों को जल्द पकड़ने व उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आसपास के कई गांवों के लोग इकट्ठा हो गए। नाते रिश्तेदार भी अंतिम संस्कार के लिए उपस्थित रहे।

दोनों के शवों के उठते ही गांव में शोक की लहर फैल गई। तमाम लोगों ने कहा कि रात में अंतिम संस्कार करने की क्या जल्दी थी। यह अंतिम संस्कार हाथरस वाली तर्ज पर हो रहा है। जो सनातन मान्यताओं के खिलाफ है।

### दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में लगी पुलिस

मलिहाबाद पुलिस हर तरह से जल्द खुलासा करने के लिए कड़ी मशक्त कर रही है। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल से सुबूत जुटाए गए सुबतों के आधार पर कड़ी से कड़ी जोड़ रही है। वही मृतका गीता के मोबाइल से सीडीआर के आधार और नेटवर्क टावर एक्टिविटी के आधार पर आधा दर्जन लोगों की कुंडली खंगाल रही है।

### गीता के कमरे से मिले दो एंड्रॉयड फोन

पुलिस के मुताबिक पुलिस को मृतका के कमरे से दो मोबाइल और चार सिमकार्ड मिले हैं। जिसमें दो सिमकार्ड चल रहे हैं।

बाकी दो सिमकार्ड की सेवाएं बंद है। पुलिस को मोबाइल फोन से कुछ अहम सुराग भी हाथ लगे हैं घरवालों की इसकी जानकारी बिल्कुल नहीं थी। कि गीता के पास चार सिमकार्ड थे। आखिर इन सिमकार्ड में किसके नंबर हैं।

जिनसे वह बात करती थी। मोबाइल कॉल डिटेल में बुधवार रात आठ और नौ के बीच गीता ने लास्ट कॉल अपनी चाची से बात की थी। उसके पश्चात गीता का मोबाइल पहुंच के बाहर स्विच ऑफ जाने लगा था। आगामी एक दो दिनों में पुलिस हत्यारों तक पहुंच सकती है।

# मां-बाप व भाई-भाभी समेत छह लोगों की हत्या करने वाले दंपती को मृत्यु दंड

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। बंथरा में मां-बाप, भाई-भाभी समेत छह लोगों की हत्या करने वाले दंपति अजय सिंह और पत्नी रूपा सिंह को कोर्ट ने धारा 302 में मृत्यु दंड और एक लाख रुपये का जुमार्ना, धारा 120 बी में उम्र कैद व 50 हजार का जुमार्ना और धारा 4/25 आयुध अधिनियम में अजय सिंह को 3 वर्ष की कैद और पांच हजार रुपये का जुमार्ना की सजा सुनाई है।

अभियोजन पत्रावली के अनुसार मामले में बहन गुड्डी ने बंथरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमे उसने बताया कि 30 अप्रैल 2020 को उसके बड़े भाई अजय सिंह, भाभी रूपा सिंह और उसके नाबालिग भतीजे ने मिलकर उसके पिता अमर सिंह, मां रामदुलारी, मंझले भाई अरुण सिंह, भाभी रामसखी तथा भतीजा भतीजी को गड़ासे से काटने के बाद तमंचे से गोली मार कर हत्या कर दी।

### जमान का बंटवारा

साथ ही बताया कि उसके परिवार में मां बाप के अलावा तीन भाई व एक वो स्वयं बहन ही थे। पिता ने हमेशा सभी बच्चों को बराबर स्नेह से संचित किया। परंतु शादी के बाद बड़े भाई ने परिवार से अलग रहना शुरू कर दिया। धीरे धीरे दूरियां बढ़ती गई और बात जमीन के बंटवारे तक आ गई। इसी बीच उसका छोटा भाई बीमार पड़ा तो पिता ने बड़े भाई से भी सहायता मांगी, परंतु उसने इलाज के लिए पैसे देने से इनकार कर दिया।

लाचार पिता ने आम के बाग बेच कर अपने छोटे बेटे का इलाज कराया परंतु बचा नहीं पाया। इसी दौरान बड़े भाई अजय सिंह को लगने लगा कि उसके पिता अपने मंझले बेटे से अधिक स्नेह करने लगे है और किसी भी दिन अपनी शेष बची जमीन उसी बेटे को दे देंगे।

### तीसरा आरोपित नाबालिग

उसी के चलते पिता द्वारा जायदाद में हिस्सा न पाने की आशंका के चलते उसके बड़े भाई ने पत्नी व नाबालिग बेटे के साथ मिलकर सभी परिजन की हत्या कर दी थी। इस मामले का तीसरा आरोपित नाबालिग होने के कारण उसका विचारण बाल न्यायालय में चल रहा है।

# मोबाइल टावर के नाम पर करोड़ों ठगने वाले पांच जालसाजों को एसटीएफ ने दबोचा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एसटीएफ ने मोबाइल टावर लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गोमतीनगर विस्तार स्थित विदर्भखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ अमरोहा और रायबरेली में मुकदमे दर्ज हैं। उनके पास से आवेदन पत्र, फर्जी एनओसी, नकदी और अन्य सामग्री बरामद की है। एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक पकड़े गए आरोपितों में देवरिया के गौरीबाजार स्थित तेंदुआवारी का सुनील श्रीवास्तव, अजय कुमार सिंह, अतीउल्लाह अंसारी, पदुमनाथ दुबे और कुशीनगर कसया स्थित सेमरा का गंगेश्वर पांडेय उर्फ गोलू है। आरोपितों ने कई टेलीकाम कंपनियों के मोबाइल और वाई-फाई टावर लगाने के नाम पर करोडों की ठगी की है।

# यूपी में गिरेगा रात का पारा, कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

## अभी ठंड से नहीं मिलेगी राहत

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश में इस समय मौसम का मिजाज लगातार बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। कभी घना कोहरा, कभी बादल और कभी धूप के बीच ठंड का असर बरकरार है। प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। गुरुवार को लखनऊ समेत प्रदेश के कई हिस्सों में भारी कोहरे के कारण लगभग 18 ट्रेनें देरी से चलीं, जिनमें से कुछ ट्रेनें 11-11 घंटे की देरी से थीं।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को लखनऊ और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सुबह और देर शाम को कोहरे का असर देखने को मिलेगा। हालांकि, दोपहर बाद मौसम साफ हो जाएगा और धूप निकलेगी, जिससे ठंड में राहत मिलेगी। गुरुवार को लखनऊ में सुबह के समय बादल और सर्द हवाओं के कारण ठंड का असर ज्यादा था। दिन के दौरान हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन यह बेअसर रही।

### शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी

शाम के वक्त हल्की बूंदाबांदी भी हुई। लखनऊ में दिन का अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, फतेहपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को लखनऊ में न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना जताई है।

### 20 जनवरी से फिर बदलेगा मौसम

इसमें अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में अगले दो दिन तक घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उधर, प्रदेश में 20 जनवरी, सोमवार से मौसम में फिर बदलाव आ सकता है। उस दिन से देर रात और सुबह के समय कोहरे का असर बढ़ने की संभावना है।

### शनिवार तक यहां रहेगा घना कोहरा

18 जनवरी तक देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत समेत कई जिलों में बहुत घना कोहरा छाने की संभावना है।

इसी तरह प्रयागराज, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी और रायबरेली में भी घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अमरोहा, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं और उसके आसपास के इलाकों में गलन बरकरार रहेगी।


# तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, बाल-बाल बचा साइकिल सवार किसान

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में शुक्रवार शाम चोकर भरी बोरियों से लदा तेज रफ्तार ट्रक मोड़ते समय अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक और सामने से आ रहा साइकिल सवार किसान बाल बाल बच गया। हालाकि किसान की साइकिल ट्रक के नीचे ही दब गई। वहीं घटना से राहगीरों में हड़कंप मच गया। आनन फानन पुलिस बुलाई गई। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। उधर ट्रक के रोड पर पलटने से पूरा रास्ता ब्लॉक हो गया। पुलिस के मुताबिक मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में रहने वाला ट्रक चालक अवधेश यादव (27) शुक्रवार को अपनी ट्रक में बिहार से चोकर लाद कर मध्य प्रदेश जा रहा था। तभी शाम करीब 4:45 बजे सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित दरोगा खेड़ा के पास उसने किसान पथ पर जाने के लिए जैसे ही ट्रक मोड़ी, तभी ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। इस बीच सरोजनीनगर के मीरानपुर पिनवट गांव में रहने वाला किसान हग पाल यादव (53) साइकिल से सब्जी लेने गौरी में साप्ताहिक बाजार जा रहा था। लेकिन ट्रक को पलटते देख हग पाल दहशत में आकर अपनी साइकिल वहीं छोड़ दी और खुद सड़क से नीचे कूद भागा। जिससे वह मामूली रूप से चोटिल हो गया। लेकिन उसकी साइकिल ट्रक के नीचे दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उधर ट्रक पलटने से उसका चालक अवधेश भी मामूली रूप से चोटिल हो गया और अन्दर ही फंसा रहा। बाद में उसे पुलिस और राहगीरों की मदद से ट्रक का अगला शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। फिलहाल दोनों का पास के निजी अस्पताल में प्राथमिक इलाज कराया गया है। वहीं ट्रक पलटने से उधर से गुजर रहे राहगीर दहशत में आ गए। लोगों की भीड़ लग गई। बीच सड़क पर ट्रक पलटने के कारण कानपुर रोड से किसान पथ के ऊपर जाने वाली रोड ब्लॉक हो गई। बाद में पुलिस ने क्रेन मंगा कर ट्रक को अलग हटवाया।

# साइबर अपराध से निपटने के लिए यूपी पुलिस ने लॉन्च की वेबसाइट, इसे अपने फोन में कर लें बुकमार्क



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। साइबर अपराध पर और प्रभावी नियंत्रण के लिए उप्र पुलिस ने अपनी साइबर वेबसाइट लांच की है। साइबर अपराध का शिकार होने की दशा में कोई भी व्यक्ति मदद के लिए सभी जानकारियां आसानी से एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकेगा।

प्रदेश के सभी साइबर थानों व उनमें तैनात अधिकारियों के नंबर व हर जिले के नोडल अधिकारी के नंबर भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। वेबसाइट के माध्यम से पुलिस लोगों में साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी। पीड़ित उसकी शिकायत पर हुई कार्रवाई व केस की वर्तमान स्थिति का भी पता लगा सकेंगे।

### डीजीपी ने की वेबसाइट की शुरूआत

पुलिस मुख्यालय में डीजीपी प्रशांत कुमार ने वेबसाइट की शुरूआत की। कहा कि साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस लगातार तकनीक के सहयोग से अपनी कार्रवाई तेज कर रही है। सभी जिलों में साइबर क्राइम थाना खोला गया है। हर थानों में साइबर हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है।

उप्र राज्य इंस्टीट्यूट आफ फारेंसिक साइंस के विशेषज्ञों की मदद से पुलिसकर्मियों का लगातार प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है। डीजीपी ने कहा कि साइबर अपराध के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, इस स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की अधिक से अधिक आवश्यकता है।


एडीजी साइबर क्राइम बीके सिंह के अनुसार किसी शिकायत में की गई कार्रवाई व केस की वर्तमान स्थिति का जानकारी लोगों को आसानी से मिल सके और जागरूकता के कार्यक्रम अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का प्रयास होगा। इसके लिए वेबसाइट को और अपडेट भी कराया जाएगा।

### साइबर हेल्प लाइन नंबर

वेबसाइट पर साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930, साइबर अपराध से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने, दर्ज शिकायत की स्थिति जानने, संदिग्ध व धोखाधड़ी वाली काल की रिपोर्ट करने, भारतीय साइबर क्राइम समन्वय केंद्र की वेबसाइट, मोबाइल फोन के खोने/चोरी होने पर नंबर ब्लाक कराने, अपनी आइडी से संबंधित मोबाइल कनेक्शनों की जानकारी करने, साइबर जागरूकता से जुड़ी सामग्री देखने, वित्तीय अनियमिताओं की शिकायत, विदेश भेजने वाले वैध तथा अवैध भर्ती एजेंटों की जानकारी हासिल करने के लिए वेबसाइट व पोर्टल के लिंक उपलब्ध हैं।

वेबसाइट से महाकुंभ-2025 से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी हासिल की जा सकती हैं। मुख्य डैशबोर्ड पर सुरक्षा उपायों व अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं की जानकारी के लिए विभिन्न श्रेणियों के तहत लिंक उपलब्ध हैं।

# 2020 रुपये में प्रयागराज हेरिटेज टूर का आनंद ले सकेंगे श्रद्धालु



पर्यटन विभाग ने की खास व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पर्यटन विभाग ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 2020 रुपये में प्रयाग हेरिटेज टूर का विशेष पैकेज तैयार किया है। इस टूर का लाभ रोजाना लिया जा सकता है। इस दौरान आपको त्रिवेणी संगम से लेकर गंगा, यमुना, अदृश्य सरस्वती महाकुंभ मेले का दर्शन कराया जाएगा। ये यात्रा सुबह छह बजे से शुरू होगी।

इस टूर पैकेज के बारे में जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयागराज एक प्राचीन एवं पौराणिक शहर है। जो श्रद्धालु प्रयागराज के बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं वे हेरिटेज टूर का आनंद ले सकते हैं। हेरिटेज टूर प्रतिदिन होटल इलावर्त से सुबह सात बजे से प्रारम्भ होकर शाम छह बजे समाप्त होगा।

### इन जगहों का दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

हेरिटेज टूर में त्रिवेणी संगम से लेकर गंगा, यमुना, अदृश्य सरस्वती महाकुंभ मेले का दर्शन तथा संगम स्थल के दर्शन कराया जाएगा। इसके अलावा अक्षयवट कॉरिडोर, इलाहाबाद किला, बड़े हनुमान मंदिर, भारद्वाज आश्रम, बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की स्मृति में बनाए गए अल्फ्रेड पार्क व इलाहाबाद संग्रहालय तथा श्रृंगवेरपुर धाम का भ्रमण भी कराया जाएगा।

### यहां से करें बुकिंग

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस टूर पैकेज की शुरूआत 13 जनवरी से की गई है। इस हेरिटेज टूर की बुकिंग पर्यटन विभाग की वेबसाइट www.upstdc.co.in से घर बैठे कराई जा सकती है और टूर का आनंद लिया जा सकता है।

### महाकुंभ के लिए चलेंगी 12 और स्पेशल ट्रेनें

लखनऊ। यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज महाकुंभ तक 12 और स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी है। उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन की ओर से अमृत स्नान पर विशेष तौर पर और स्पेशल ट्रेनों को चलाया जाएगा। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

### ट्रेनों में है लंबी वेटिंग

28 जनवरी, दो फरवरी, 11 फरवरी व 25 फरवरी को अमृत स्नान से एक दिन की इन तारीखों पर वंदे भारत एक्सप्रेस, बरेली प्रयागराज, नौचंदी, गंगा गोमती व त्रिवेणी एक्सप्रेस सरीखी ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची है। वेटिंग 165 तक पहुंच गई है, जिससे यात्रियों के लिए सफर का संकट खड़ा हो गया है।

### स्पेशल ट्रेनों को चलाएगा रेलवे

यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन और स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से शाही स्नान पर विशेष रूप से लखनऊ के रास्ते एक दर्जन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेलवे प्रशासन की ओर से 12 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। स्पेशल ट्रेनों में पांच ट्रेनें अनारक्षित श्रेणी की होंगी, ताकि आम यात्री आसानी से सफर कर सके। इसके अतिरिक्त अन्य ट्रेनों में जनरल, स्लीपर, थर्ड एसी की बोगियां होंगी।

# योगी सरकार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, प्रधानमंत्री अवार्ड से राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा सम्मान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने एवं जल जीवन मिशन परियोजना में सोलर पावर के उत्कृष्ट उपयोग में बाजी मारी है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री पुरस्कार (पीएम अवार्ड) के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।

### जल जीवन मिशन में सोलर पावर के प्रयोग पर पीएम अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित

योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सोलर ऊर्जा का उपयोग करते हुए न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया है, बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान किया। इस परियोजना के तहत सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से न केवल ऊर्जा की बचत हो रही है, बल्कि पानी की आपूर्ति भी निर्बाध रूप से हो रही है। यह पहल जल संरक्षण और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करती है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन के तहत सौर ऊर्जा आधारित भूजल की 33,229 योजनाएं संचालित हैं। योगी सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की 33,229 योजनाओं का संचालन होने से प्रदेश सरकार को योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। मिशन की 33,229 योजनाओं को सौर ऊर्जा से संचालित करने के लिए लगभग 900 मेगावाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस इनोवेशन को बेस्ट प्रेक्टिसेज के रूप में चिह्नित किया गया है। सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के निर्माण से प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड (उड2) का उत्सर्जन कम होगा। वहीं अगले 30 वर्षों में 390 लाख कार्बन क्रेडिट आर्जित किया जा सकेगा। योगी सरकार के इस इनोवेशन को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार एसीएस अनुराग श्रीवास्तव को सोलर पावर के अभिनव प्रयोग पर प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार इनोवेशन स्टेट कैटेगरी में प्रदान किया जाएगा।



### बहराइच में विकासपरक योजनाओं को लागू करने को मिलेगा पीएम अवार्ड

वहीं बहराइच में विकासपरक और जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए डीएम मोनिका रानी को प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि योगी सरकार की नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित हो रही हैं। डीएम ने जनभागीदारी और नवाचार को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं को इस तरह लागू किया कि इसका सीधा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। बहराइच डीएम मोनिका रानी को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 2023 के लिए चुना गया है। उन्हे यह पुरस्कार जिले के समग्र विकास की श्रेणी के तहत प्रदान किया जाएगा। उत्तर प्रदेश को दोनों ही राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार अप्रैल में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किये जाएंगे।

### राष्ट्रीय स्तर ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी और सशक्त हुई है प्रदेश की छवि

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को विकास के नए आयामों पर पहुंचाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। उनका मानना है कि जब तक हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचेगा, तब तक विकास का असली उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने पारदर्शिता, नवाचार और समर्पण के माध्यम से राज्य में सुशासन का आदर्श प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री पुरस्कार केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि योगी सरकार के अथक प्रयासों और मेहनत का प्रमाण है। इस पुरस्कार से उत्तर प्रदेश की छवि न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी और सशक्त हुई है। यह उपलब्धि बताती है कि राज्य सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और योगी सरकार का विजन प्रदेश को उन्नति की राह पर ले जा रहा है।

## संक्षेप

### वृद्ध को बचाने में बाइक सवार पिता की मौत, बेटे और बुजुर्ग की हालत गंभीर




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के ओरहर मोड़ पर हुए सड़क हादसे में कानपुर के चकेरी निवासी पंकज श्रीवास्तव की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ वे अचानक बाइक के सामने आए एक वृद्ध को बचाने की कोशिश कर रहे थे। हादसे में बुजुर्ग को भी गंभीर चोटें आई हैं। पंकज के बेटे और बुजुर्ग का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना बीती रात की है, जब पंकज अपने बेटे के साथ पुरवा थाना क्षेत्र के कटाव गांव से लौट रहे थे। ओरहर मोड़ पर अचानक एक वृद्ध सड़क पार करने लगे। वृद्ध को बचाने के प्रयास में पंकज की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पंकज को उनके बेटे ने तुरंत जिला अस्पताल उन्नाव पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल वृद्ध को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ओरहर मोड़ दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बन चुका है। यहां अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा के उचित इंतजाम करने की मांग की है। दही थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पंकज के परिवार में उनकी असामयिक मृत्यु से शोक की लहर है।

### पुरवा प्रीमियर लीग में प्रतिभाग हेतु ट्रायल 19 जनवरी को मौरावां में

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 जनवरी से प्रारंभ हो रही पुरवा प्रीमियर क्रिकेट लीग में प्रतिभाग हेतु क्षेत्र के खिलाड़ियों का एक ट्रायल नगर पंचायत मौरावां के मैदान पर रविवार को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। ट्रायल में सम्मिलित प्रतिभागियों से टीमें बना कर उन्हें प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका दिया जाएगा। ये जानकारी पुरवा में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव राजेश कुमार ने एक प्रेसवार्ता में दी। राजेश कुमार ने बताया कि जनवरी के अंतिम सप्ताह से प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। राजेश कुमार ने बताया कि रविवार को होने वाले ट्रायल में क्षेत्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। रविवार को होने वाले ट्रायल से खिलाड़ियों को चयनित कर टीमो का गठन करके प्रतियोगिता कराई जाएगी।

# एसडीएम ने ब्लॉक सभागार में पोषण भी पढ़ाई भी के प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। उपजिलाधिकारी नवीनचंद्र ने बाल विकास परियोजना द्वारा विकास खण्ड सभागार में आयोजित पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम योजना का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया । उन्होंने कहा कि शासन द्वारा नौनिहालों और बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनो साथ साथ देने के उद्देश्य से इस महत्वपूर्ण योजना का शुभारंभ किया गया है । उन्होंने कहा कि जब स्वास्थ्य और शिक्षा का लाभ सभी बच्चों तक शत प्रतिशत पहुंचेगा तभी योजना फलीभूत होगी उपजिलाधिकारी नवीनचंद्र ने कहा कि बच्चों और नौनिहालों के पोषण और शिक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बाल विकास परियोजना की सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को शासन द्वारा सौंपी गई है । इस जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निभाए और शासन की मनसा के मुताबिक इस योजना को धरातल पर कर्तव्य और निष्ठा के मूर्तिरूप देने का काम करें । उन्होंने ब्लॉक सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शामिल होकर उक्त बात कही । बालविकास परियोजना अधिकारी संध्या शर्मा ने इस मौके पर पोषण भी पढ़ाई भी योजना के बारे में विस्तार से बिंदुसार जानकारी देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुसार इस योजना का अक्षरशः पालन करते हुए धरातल पर योजना को सफल बनाना है । शिक्षा विभाग द्वारा रेखा बेदी प्रशिक्षक भी मौजूद रही जिन्होंने कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया ।

### इस अवसर पर बाल विकास परियोजनाधिकारी संध्या शर्मा

सुपरवाइजर रचना अर्चना सिंह सहित आंगनवाड़ी सुमन गौतम रंजना तिवारी गायत्री विमला किरन सिंह नीरज ऊषा सियालली देवी सहित सफीपुर की सभी 60 और फतेहपुर 84 ब्लॉक की आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री मौजूद रही ।

# विद्वान आचार्यों द्वारा कराई गई शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाना परिसर में ही बने बरगदेश्वर मंदिर में पूर्व थाना प्रभारी द्वारा शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा विद्वान आचार्यो द्वारा कराई गई।

थाना बारासगवर परिसर में विशाल बरगद बृक्ष के नीचे पुराना भोलेनाथ का मंदिर स्थापित है। यहां पर थाना प्रभारी रहे अखिलेश तिवारी ने मंदिर में शिव परिवार की स्थापना का संकल्प लिया था लेकिन उनका तबादला अंतर्जनपदीय सीतापुर हो गया। शुक्रवार को वह पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार शिव परिवार की मूर्तियां लेकर मंदिर पहुँचे। विद्वान आचार्यो द्वारा मंत्रोच्चार द्वारा मूर्तियों की भव्य शोभायात्रा निकाल उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर में वैदिक मंत्र व गीतों से भक्त भक्ति की भावना में ओत प्रोत हो गए। मंदिर में देर शाम तक भंडारा व प्रसाद वितरण चलता रहा। इस मौके पर थाना प्रभारी बारासगवर धर्मेंद्र नाथ मिश्रा के साथ समस्त स्टाफ,दिनेश दीक्षित, निशाकांत दीक्षित, नरेश मिश्रा, कार्तिकेय दीक्षित, हर्षित, अमित शुक्ला, अविनाश बाजपेयी , जितेंद्र सिंह,आशु सोनी,शेर बहादुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लुट का दर्ज हुआ मुकदमा, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर क्षेत्र के धानीखेड़ा-पाटन मार्ग पर हुई सरार्फ से लूट के दूसरे दिन अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर पीड़ित के साथ तफ्तीश में लगे रहे। क्षेत्राधिकारी ने बताया मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले के खुलासे में पुलिस टीम लग गयी है। वारासगवर के कुंभी गांव निवासी 36 वर्षीय रोहित सोनी उर्फ बाबू पुत्र रामनरेश रौतापुर गांव में सोने चांदी की टुकान है। गुरुवार शाम करीब पांच बजे दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहा था। पाटन-धानीखेड़ा मार्ग पर महेशखेड़ा गौशाला के पास पहुंचा था कि पीछे से दो बाइक पर सवार पांच लुटेरों ने उसे ओवरटेक कर गिरा दिया। एक बदमाश ने उस पर तमंचा लगा उसकी बाइक की डिग्गी में पड़ी नकदी-जेवर वाला बैग कब्जे में ले लिया। इसके बाद सभी बाइक से भाग गए। पीड़ित सर्राफ ने यह भी बताया कि लुटेरों ने उस पर फायर भी किया था। गोली उसके हाथ को घायल करते हुए निकल गयी थी। परिवारवालों ने जब पुलिस को जानकारी दी तो कुछ देर बाद ही एसपी दीपक भूकर व एएसपी के साथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा भी मौके पर पहुंचे थे। शुक्रवार शुबह एएसपी व क्षेत्राधिकारी पीड़ित को लेकर पुनः घटनास्थल पर पहुँचे। उसके बाद पीड़ित को थाना बारासगवर लाया गया। क्षेत्राधिकारी ऋषि कांत शुक्ला ने बताया कि सरार्फ ने बताया कि उसके बैग में करीब दो किलो चांदी व पंद्रह ग्राम सोना था जिसे लूट लिया गया। पीड़ित के हाथ मे फायर ऑफ इंजरी की पुष्टि नही हुई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।मामले के खुलासे के लिए पुलिस की टीमें लगा दी गयी है।

# चिकनपाक्स के मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र के परियर गांव में चिकनपॉक्स के मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। खलवा मोहल्ले में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और संक्रामक रोग नियंत्रण टीम ने 25 घरों का निरीक्षण किया। जिसमें तीन लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई ।पिछले सप्ताह खलवा मोहल्ले में एक दर्जन से अधिक लोगों को बुखार, शरीर में दाने और जलन की शिकायत हुई थी। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों की जांच कर चिकनपॉक्स की पुष्टि की, लेकिन कोई विशेष कार्रवाई नहीं की। WHO और महामारी टीम की सक्रियता के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया ।निरीक्षण के दौरान मालती (45), बबलू (10) और महेश (28) में चिकनपॉक्स का संक्रमण पाया गया। टीम ने मरीजों को आवश्यक दवाएं वितरित कीं और संक्रमण से बचाव के उपाय बताए। ग्रामीणों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और संक्रमित व्यक्तियों को अलग रखने की सलाह दी गई ।जांच टीम में संक्रामक रोग नियंत्रण के डॉ. रवि यादव और WHO के ब्लॉक मॉनिटर राजीव पांडेय प्रमुख रूप से शामिल थे। टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि वे चिकनपॉक्स को गंभीरता से लें और समय पर चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें। स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना भी बनाई गई है।

## बहु प्रतिक्षित ग्राम पंचायत गंज जलालाबाद में चकबन्दी जोत आकर प्रपत्र 5 कृषकों को वितरण

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। जनपद की सीमा पर स्थित हरदोई के विकासखण्ड की ग्राम पँचायत गंज जलालाबाद में चकबंदी प्रक्रिया के व्यवधान के पश्चात शासन एवं उत्तर प्रदेश चकबंदी आयुक्त के सख्त निर्देश पर आज से कृषकों को जोत आकार प्रपत्र 5 क वितरण सुचारु रूप से प्रारम्भ हो गया है। यह वितरण ग्राम पँचायत गंज जलालाबाद के मजरे देवी पुरवा पँचायत भवन में ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित की उपस्थिति में कानून गो शकील अहमद व लेखपाल अनूप तिवारी द्वारा किया गया। तिवारी जी ने यह भी जानकारी दी कि सभी 334 रकबों के जोत आकार प्रपत्र 5 तैयार हो चुके है। अगर किसी को कोई त्रुटि लग रही हो तो प्रपत्र 5 के साथ अपनी भाषा मे प्रार्थना पत्र संलग्न करके दे ताकि उसमें सुधार किया जा सके। जोत आकार प्रपत्र 5 वितरण के समय प्रियम कटियार, स्पर्श दीक्षित, राजेन्द्र तिवारी, श्याम लाल, बुध्धु गौतम, उमेश डॉक्टर, योगेश कटियार, राजेश कटियार (फौजी) के साथ सैकड़ो ग्रामीण कृषक उपस्थित थे।

## लुट का खुलासा न होने पर चौकी प्रभारी निलंबित

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के मुनऊखेड़ा और जपसरा गांव के बीच सरार्फा कारोबारी से दिनदहाड़े लूट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बीते 25 दिसंबर को बाजार जा रहे सरार्फा व्यापारी उमेश कुमार सोनी को बाइक सवार चार लुटेरों ने तमंचे के बल पर लूट लिया। व्यापारी के अनुसार, लुटेरे सात लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात से भरा बैग छीनकर फरार हो गए ।इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस की कार्रवाई में देरी और लापरवाही को देखते हुए एसपी दीपक भूकर ने बिहार थाने के इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र मिश्र को 2 जनवरी को लाइन हाजिर कर दिया। इसके बावजूद लूट का खुलासा न होने पर अब भगवंतनगर चौकी इंचार्ज बृजेंद्र सिंह को भी सस्पेंड कर दिया गया है ।भगवंतनगर वार्ड नंबर 10 के निवासी उमेश कुमार सोनी अपनी स्कूटी से रायबरेली जनपद के बरवलिया साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। इसी दौरान मुनऊखेड़ा और जपसरा गांव के बीच लुटेरों ने उन्हें पीछे से लात मारकर गिरा दिया। जब तक वह संभल पाते, लुटेरों ने तमंचा लगाकर बैग छीन लिया और रायबरेली की ओर फरार हो गए ।घटना के बाद से व्यापारियों में भारी आक्रोश है। सरार्फा व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इलाके में लगातार बढ़ती लूट की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत है। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले 22 दिसंबर को देवारा नहर पुल के पास एक दंपति से भी लूट की वारदात हुई थी। हालांकि पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया, लेकिन सरार्फा लूट के मामले में अभी तक पुलिस खाली हाथ है ।लूट के खुलासे के लिए अब स्वाट टीम को फिर से तैनात किया गया है। एसपी ने कहा कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, कुम्भ में ड्यूटी के दौरान एक अन्य घटना में हेड कांस्टेबल जोक मणि यादव को न्यायधीश से अभद्रता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है ।व्यापारियों ने एसपी से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे।

# विशाल भंडारे के साथ श्री विष्णु महायज्ञ का हुआ समापन

## परम संतोषी ब्राह्मण थे भक्त सुदामा - रमाकांत व्यास

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



गरौठा, झांसी। सप्तेश्वर आश्रम इसकिल पट्ठा पर चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ का पूणार्हूति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। श्री विष्णु महायज्ञ के सातवें दिन यज्ञाचार्य पंडित गणेशदत्त शास्त्री द्वारा मुख्य यजमान जितेंद्र प्रताप सिंह सहित यजमानों से सुबह हवन कुंडों में आहुतियां डलवाई गई ।वही यज्ञ स्थल पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास रमाकांत व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा का वाचन किया। सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भक्त सुदामा परम संतोषी ब्राह्मण थे द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के मित्र होने के बावजूद भी सुदामा भिक्षा मांगकर अपना भरण पोषण करते रहे ।कथाव्यास ने कहा कि कृष्ण सुदामा की मित्रता आज संसार के सामने उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वही होता है जो संकट में अपने मित्र का साथ दे। कथा के समापन पर भागवत के मुख्य यजमान गीता - प्रतिपाल सिंह राम जी परिहार द्वारा महापुराण की आरती की गई ।तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कुंड में पूणार्हुति दी गई ।इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें डुमरई सहित आसपास ग्रामों के हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा दोपहर से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा। आश्रम के महंत केशवदास जी महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया।

अंत में कथा के मुख्य यजमान कुंवर प्रतिपाल सिंह परिहार रामजी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रघुवीर सिंह, ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार सिंह परिहार, महीपत सिंह परिहार, जीतू सोनी,अरविंद्र सिंह परिहार , मनीष दाऊ ,हरपाल सिंह परिहार, टिन्चू राजा,मयंक गुप्ता बलदीप यादव,छुन्नू ठेकेदार, अमर सिंह लोकेंद्र सिंह भोले, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, मानवेंद्र सिंह , भारत सिंह,सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में गर्म वस्त्रों एवं खाद्यान्न सामग्री का हुआ वितरण

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



झाँसी। संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में जनपद के शिवपुरी रोड स्थित झांसी होम्स के पास गरीब बस्ती में वस्त्र वितरित किए गये। साथ ही बस्ती में उपस्थित बच्चों को खाद्यान्न सामग्री भी वितरित की गयी। संघर्ष महिला संगठन लगातार सर्दियों के मौसम में असहायों को ठण्ड से निजात दिलाने के लिए गर्म वस्त्रों का वितरण कर रहा है। संगठन की सर्वेक्षण टीम सूचना के आधार पर स्थानों भ्रमण कर ऐसी बस्तियों को चयनित करती है जहां के लोग अभाव में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। तत्पश्चात कोर कमेटी द्वारा प्रस्ताव पारित कर उस बस्ती में वस्त्रों, खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया जाता है। इसी क्रम में संगठन के सभी सदस्य गणेश विहार के समीप स्थित बस्ती में पहुंचे जहां कई लोग सर्दी के प्रकोप से प्रताड़ित दिखे आवश्यकता को देखते हुए संघर्ष महिला संगठन ने वहां सैकड़ो की संख्या में गर्म वस्त्र एवं खाद्यान्न सामग्री वितरित की। इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट नेहा तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट मोना राय, ट्रेजरार रक्षा शर्मा, सेक्रेटरी अंजलि अग्रवाल सहित सीनियर मेंबर्स में शिल्पी गुप्ता, प्रेरणा सहवानी, दीपा गुप्ता, हिना करनानी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## 10 लाख के पावर ग्रिड पार्ट्स चोरी

### शाहजहांपुर पुलिस-बदमाशों में मुठभेड़, सिपाही समेत एक आरोपी घायल; 5 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, पावर ग्रिड से चोरी किए गए ट्रांसफॉर्मर पार्ट्स को लेकर भाग रहे बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक पुलिस कॉन्स्टेबल नितिन कुमार और एक बदमाश सूरज राठौर घायल हो गए। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 11 जनवरी की है, जब बदमाशों ने रोजा के जमुका स्थित 440 केवी पावर ग्रिड में गेट का ताला तोड़कर ट्रांसफार्मर के कीमती पार्ट्स चोरी कर लिए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उदियापुर नहर पटरी के पास घेराबंदी की, जहां बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने सूरज राठौर, अर्जुन, छोटू, विष्णु गुप्ता और पवन कुमार को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी लखीमपुर के रहने वाले हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने चोरी के बाद कुछ पार्ट्स को टुकड़ों में काटकर लखीमपुर के एक कबाड़ी को बेच दिया था और बाकी माल को मुजफ्फरनगर में बेचने जा रहे थे। एक आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली में ड्राइवरी करता है और उसी दौरान पावर ग्रिड की रैकी की थी। इससे पहले गैंग पीलीभीत और बरेली में भी चोरी कर चुकी थी। पुलिस ने आरोपियों से करीब दस लाख रुपये कीमत का चोरी का सामान और एक कार बरामद की है।




# शाहजहांपुर डीएम का भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई

## एक करोड़ की कृषि भूमि से कब्जा हटवाया, बुजुर्ग ने जताया आभार

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, एक सराहनीय कार्रवाई में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एक बुजुर्ग किसान की एक करोड़ रुपए की कीमत वाली कृषि भूमि को भू-माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया है। तिलहर तहसील के थाना निगोही के मिस्त्रीपुर गांव के रहने वाले प्रेमपाल नाम के बुजुर्ग किसान लंबे समय से अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रशासन के चक्कर काट रहे थे। मामला जब डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ित बुजुर्ग को अपने कार्यालय में बुलाया। पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जल्द से जल्द भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए। डीएम के सख्त रुख के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आया और बुजुर्ग की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया गया। इस कार्रवाई से न केवल प्रेमपाल को राहत मिली, बल्कि आसपास के गांवों में भी डीएम की इस कार्रवाई की सराहना हो रही है। बुजुर्ग प्रेमपाल ने डीएम कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे डीएम पहली बार आए हैं जिन्होंने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई की। यह कार्रवाई क्षेत्र में भू-माफियाओं के खिलाफ एक कड़े संदेश के रूप में देखी जा रही है।

## सम्पादकीय

# तापमान में कटौती के उपायों पर अमल हो

वर्ष 2024 भारत और विश्व के लिए सबसे गर्म वर्ष रहा। जलवायु संकट के प्रति गंभीर लोगों, संस्थाओं और देशों के लिए यह चिंता की बात है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 150 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक समारोह में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की महासचिव सेलेस्टे साउलो ने एक गंभीर बात कही है कि पेरिस समझौता गंभीर खतरे में है। पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिस पर 2016 में फ्रांस की राजधानी पेरिस में हस्ताक्षर किए गए थे। इस संधि के दायरे में जलवायु परिवर्तन को सीमित करना, अनुकूलन और वित्त शामिल हैं। इस समझौते के अनुरूप ही विकसित देशों को क्षतिपूर्ति के तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए मुआवजा देने की बात हुई थी। बाद में अमेरिका ने क्षतिपूर्ति राशि पर सवाल उठाया था। वर्ष 2016 के बाद से हर वर्ष जलवायु सम्मेलन में वित्त पोषण के प्रारूप और कोष बनाने पर बात हुई, पर जिम्मेदार विकसित देशों की आनाकानी के चलते बात आगे नहीं बढ़ सकी है। ऐसे में डब्ल्यूएमओ प्रमुख का विश्व के बढ़ रहे तापमान पर चिंता जताना विश्व के लिए बड़ी चेतावनी है। पिछले सीओपी सम्मेलन में वित्त पोषण पर सहमति बनी है, पर अमल नहीं है। जलवायु संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कटौती वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व डेवलपमेंटल एजेंडा बनना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। विश्व के सभी प्रमुख देश चिंता जरूर जताते हैं, पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाते हैं। भारत ग्रीन तकनीक अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, पेरिस करार में प्रमुख भागीदार है, सरकार कार्बन उत्सर्जन में कटौती को लेकर कृतसंकल्प भी है, इसके बावजूद वर्ष 2024 में भारत ने लंबे समय तक भीषण गर्मी का सामना किया, जिससे मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल आपूर्ति और ऊर्जा आपूर्ति पर बहुत बुरा असर पड़ा। भारी मानसूनी बारिश ने व्यवधान पैदा किया और लोगों की जान गईं, जैसा कि हमने जुलाई में केरल में हुए दुखद भूस्खलन में देखा। हाल ही में, देश के कई हिस्सों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। 2024 ऐसा पहला कैलेंडर वर्ष बना, जिसका औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक काल के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पेरिस समझौता खत्म हो गया है, यह बहुत गंभीर खतरे में जरूर है। डब्ल्यूएमओ के छह डेटासेट के समेकित विश्लेषण के अनुसार, वैश्विक औसत सतह तापमान 1850-1900 के औसत से 1.55 डिग्री सेल्सियस अधिक था। संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी ने पिछले सप्ताह कहा कि इसका अर्थ यह है कि धरती ने पहली बार ऐसा कैलेंडर वर्ष देखा है, जिसमें वैश्विक औसत तापमान 1850-1900 की आधार रेखा से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यह वह अवधि थी, जब जीवाश्म ईंधनों के जलने जैसी मानवीय गतिविधियों से जलवायु पर काफी असर पड़ना शुरू हो गया। हालांकि, पेरिस समझौते में निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा का स्थायी उल्लंघन 20 या 30 वर्ष की अवधि में दीर्घकालिक तापमान वृद्धि को संदर्भित करता है। डब्ल्यूएमओ प्रमुख का सुझाव सराहनीय है कि दुनिया को 2025 को ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने एवं नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ने की रफ्तार तेज करने के वास्ते निर्णायक जलवायु कार्रवाई के वर्ष के रूप में चिन्हित करना चाहिए। भारत समेत दुनिया जलवायु संकट की ज्वालामुखी पर बैठी है, ऐसे में कार्बन उत्सर्जन में तत्काल कटौती के पेरिस करार में लक्षित उपायों को अपनाने की जरूरत है।

## 26 जनवरी

विवेक शुक्ला



# किन राष्ट्राध्यक्षों को दिया जाता है गणतंत्र दिवस के लिए निमंत्रण

भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना सिर्फ एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की उपस्थिति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण तरीका है। देखा जाए तो गणतंत्र दिवस पर राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना, भारत और उस देश के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने का एक अवसर है। कुछ मामलों में, यह निमंत्रण रणनीतिक साझेदारों के साथ संबंधों को गहरा करने का एक तरीका है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां साझा हित हैं। गणतंत्र दिवस एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां भारत अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ जुड़ सकता है और वैश्विक मुद्दों पर अपनी राय रख सकता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक विविधता और प्रगति को प्रदर्शित करने का एक मंच है। एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की उपस्थिति इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। यह निमंत्रण सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब आमंत्रित राष्ट्राध्यक्ष भारतीय संस्कृति, परंपराओं और उपलब्धियों को करीब से देख पाते हैं। एक बात और कि कभी-कभी एक राजनीतिक संकेत भी हो सकता है। महत्वपूर्ण है कि कभी-कभी किसी विशिष्ट वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए एक विशेष राष्ट्राध्यक्ष को आमंत्रित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत और उस देश के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की वर्षगांठ, या किसी महत्वपूर्ण समझौते की वर्षगांठ। संयोग से पहले गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो मुख्य अतिथि थे। वे भारत के मित्र होने के साथ-साथ एक करिश्माई नेता थे, जिन्होंने इंडोनेशिया को डच औपनिवेशिक शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत सरकार ने उन्हें बहुत सोच-विचार करने के बाद देश के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया था। सउनके भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू,उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक और कई अन्य नेताओं से गहरे संबंध थे। उन्होंने गुटनिरपेक्ष आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत का पहला गणतंत्र दिवस समारोह राजधानी के नेशनल स्टेडियम में आयोजित किया गया था। पहले और 75वें गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना भारत और इंडोनेशिया के बीच गहरे संबंधों का एक स्पष्ट प्रमाण है। यूं तो गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मुख्य अतिथि रहे हैं, पर दक्षिण अफ्रीका के मुक्ति योद्धा नेल्सन मंडेला और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली का कर्तव्य पथ पर सबसे गर्मजोशी से उपस्थित अपार जनसमूह ने स्वागत किया। मंडेला 1995 में गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। मंडेला जब तक परेड का आनंद ले रहे थे, तब वहां मौजूद दर्शक मंडेला के नारे लगा रहे थे। कहने वाले कहते हैं कि गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का मंडेला से अधिक उत्साह से स्वागत नहीं हुआ है। गणतंत्र दिवस परेड का लंबे समय तक आंखों देखा हाल सुनाने वाले जसदेव सिंह बताते थे कि मंडेला की तरह कर्तव्य पथ पर उपस्थित अपार जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी करतल ध्वनि से अभिनंदन किया था। वे 1978 के गणतंत्र दिवस समारोह में खास अतिथि थे। उस गणतंत्र दिवस समारोह में कहने को मुख्य अतिथि आयरलैंड के राष्ट्रपति प्रेट्रिक हिलेरी थे, पर सबकी निगाहें मोहम्मद अली को तलाश कर रही थीं। मोहम्मद अली परेड के शुरू होने से चंद मिनट पहले ही अपने स्थान पर विराजमान हो गए थे। उनके राजपथ पर आने की सूचना लाउड स्पीकर से होते ही वहां पर मौजद हजारों लोगों ने हर्षध्वनि से उनका अभिनंदन किया।

# मां तुझे प्रणाम : माँ मानव सृष्टि की जननी,पिता परिवार के संरक्षक

## बुजुर्ग दंपत्ति परिवार की संपत्ति।

संजीव ठाकुर



भारत देश के संदर्भ में मां शब्द बड़ा ही वृहद और विराट है। पूरी सृष्टि इसमें समाहित होती है। मां ,धरती, जननी, धरा ,माते इतना पवित्र शब्द है कि संताने उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती हैं इसी तरह परिवार में पिता भी एक वट वृक्ष की तरह होता है पिता के रहते हुए पुत्र-पुत्री अपने आप को सुरक्षित एवं सहज महसूस करते हैं एवं उनका बाहरी दुनिया से रक्षा करने वाला एक शक्तिशाली व्यक्ति पिता ही होता है ह्न भारत सांस्कृतिक संस्कारी रूप से समृद्ध है तथा मां-बाप संतानों के पास रहते हैं। यूरोप और पश्चिम देश इतने अभागे हैं कि वे अपने माता और पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं या उन्हें छोड़कर स्वयं संताने दूर चली जाती हैं। स्विजरलैंड जैसे खूबसूरत देश में बुजुर्ग दंपत्ति इच्छा मृत्यु लेकर अपना अंतिम समय व्यतीत करते हैं। भारत में भी कुछ प्रतिशत लोग महानगरों में संताने मां और पिता को वृद्ध आश्रम में रखने का उपक्रम करने लगे हैं। पाश्चात्य सभ्यता की यह अंधी नकल बुजुर्ग दंपतियों के लिए बड़ी ही मार्मिक और हृदय विदारक होती है। वृद्ध दंपतियों का अनुभव परिवार के विकास समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विडंबना है मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगन सहनशीलताऔर परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि ईस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।

वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो।इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं।जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे-धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं।जो व्यक्ति कुछ समय पहले तक महत्वपूर्ण था, विशिष्ट था वह अचानक ही बोझ समझा जाने लगता है। उसके मान सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है। भागदौड़ वाली इस जिंदगी में युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों से एक दूरी बनाना शुरू कर देती है और वह व्यक्ति अकेला ही रह जाता है। जब मनुष्य अपने को एकाकी समझने लगता है तो यह उसके जीवन का सर्वाधिक कठिन समय एवं पल होता है। आत्मविश्वास जनित प्रेरणा की कमी वृद्धावस्था को बोझिल बना देती है। व्यक्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, दूसरों पर निर्भरता बढ़ने लगती है। नई पीढ़ी द्वारा उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। यही परिस्थिति वृद्धा अवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह होती है।

वृद्धावस्था में मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक कष्ट के प्रमुख कारणों में से संयुक्त परिवार का विघटन भी है। युवा पीढ़ी द्वारा अपने मां-बाप से अलग होकर रहने की चाहत हमारे देश में एक गंभीर समस्या पैदा करती है। वृद्ध व्यक्ति या दंपत्ति को जिस आयु में पुत्र, पुत्रियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, ऐसे समय में पुत्र द्वारा उनकी देखभाल छोड़कर अलग रहने के लिए अलग मकान बनाना या किराए पर रहना, उस दंपत्ति या व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करती है। भारत देश वही देश है यहां की संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है। औद्योगिकरण और विसंस्कृतिकरण प्रणाली के फल स्वरुप युवा पीढ़ी के रहन-सहन एवं जीवन शैली में तीव्र बदलाव देखा जा रहा है। इस युग में व्यक्ति जितना अपने कार्यों में व्यस्त हो गया है कि उसको परिवार के साथ बैठने, रहने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती। भारत में बदलते परिवेश में ओल्ड एज होम की अवधारणा तेजी से बल पकड़ती जा रही है। नई पीढ़ी तरह पुरानी पीढ़ी के बीच एक तरह कम्युनिकेशन गैप भी आ जाता है, जो बुजुर्गों के लिए एक बड़ी समस्या होती है। बुजुर्ग दंपत्ति हो या व्यक्ति के पास जब तक धन रहता है तब तक उनके पुत्र, पुत्री उनका ख्याल रखते हैं और जब वह धनहीन हो जाते हैं, तो उन्हें नकार दिया जाता है ।यह एक बड़ी समस्या आज बुजुर्गों के सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी है। व्यक्ति को बुजुर्ग अवस्था में जब सबसे ज्यादा धन की आवश्यकता होती है तब उसके पास धन नहीं होता है। यह धन की कमी उपेक्षा का बड़ा कारण भी बनती है। युवा पीढ़ी का व्यक्तिगत स्वार्थ एवं धन के प्रति आकर्षण भी बुजुर्गों के प्रति प्रभाव तथा उपेक्षा का मूल कारण होता है। व्यक्ति का जब सर्वश्रेष्ठ काल होता है तब उपेक्षित और समस्या ग्रस्त होकर अवसाद ग्रस्त हो जाता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग वृद्धावस्था के बारे में लिखा है

**मेरे साथ रहो, रुको वृद्ध हो,**
**अभी जीवन का सर्वोत्तम शेष है।**

वृद्ध व्यक्ति भी मानव है, उसे भी संवेदना, सहानुभूति और प्यार की आवश्यकता होती है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें उनकी लगातार सेवा करनी चाहिए, उनके मार्गदर्शन उनका परामर्श परिवार तथा समाज के लिए जल कल्याणकारी होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनका आशीर्वाद उनकी शुभकामनाएं लोक मंगलकारी होती हैं यह माना जाता है कि बुजुर्ग का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद जैसा ही होता है।

# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित

दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुंचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूं, लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएंगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियां बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्र तट पर न जाने कितनी मछलियां पड़ी हुई हैं। इस तरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शांति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले, लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे-छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खानपान ही स्वास्थ्य निर्धारित करता है

उत्तर भारत के कुछ राज्यों में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। लोहड़ी के अगले दिन मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने, खाने-खिलाने का रिवाज और परंपरा है। हमारा खानपान ही हमारे स्वास्थ्य को निर्धारित करता है। अच्छा खानपान अच्छा स्वास्थ्य देता है और गलत खानपान हमें बीमार करता है। जब भी मौसम बदलता है तब हमें विशेषज्ञ डॉक्टर खानपान पर और ज्यादा ध्यान देने की बात करते हैं। मकर संक्रांति हमें शुद्ध खानपान की शिक्षा देती है। हमारे बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि लोहड़ी के बाद सर्दी की विदाई का समय आ जाता है। त्योहारों पर तरह-तरह के व्यंजन भी बनाए जाते हैं। यह व्यंजन सेहत के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। फास्ट फूड की ओर बढने के बजाय परंपरागत व्यंजन बेहतर हैं। *- मनीष शुक्ला, भिलाई*

## करंट अफेयर

# नेपाल में 'माघे संक्रांति' का त्योहार मनाया गया

नेपाल में मंगलवार को थारू, मगर और नेवार सहित कई समुदायों ने 'माघे संक्रांति' या 'मकर संक्रांति' का त्योहार मनाया। विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार, माघ महीने के पहले दिन मनाया जाने वाला यह त्योहार 'उत्तरायण' की शुरुआत का प्रतीक है। इस दौरान रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। इस दिन स्नान, ध्यान, दान और अन्य आध्यात्मिक गतिविधियां अत्यधिक लाभकारी मानी जाती हैं। 'माघे संक्रांति' स्नान में भाग लेने के लिए श्रद्धालु देवघाट, त्रिशूली, काली गंडकी, बागमती, इंद्रावती, त्रिवेणी और रिडी जैसे पवित्र स्थलों पर उमड़ते हैं।



## ऑफ बीट

# हमारे व्यवहार व मस्तिष्क को बदल रही निगरानी प्रौद्योगिकी



बिना किसी कर्मचारी की मदद के तकनीकी सहयोग से स्वयं भुगतान करके प्रतिष्ठान से बाहर निकलने से लेकर सड़कों और स्टेडियम तक हर जगह निगरानी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल भरपूर किया जा रहा है। सुरक्षा के नाम पर अक्सर इस व्यापक निगरानी को उचित ठहराया जाता है। लेकिन 'न्यूरोसाइंस ऑफ कांशसनेस' में प्रकाशित अध्ययन में परेशान करने वाली एक बात सामने आई है। निगरानी न केवल हमारे व्यवहार को बदल रही है, बल्कि हमारे मस्तिष्क के काम करने के तरीके को भी बदल रही है और यह हमारी सतर्कता से परे काम कर रहा है

## ट्रेंड

### आपदाओं से बेहतर निपट रहे



हमने आपदा प्रबंधन में मौसम विज्ञान की अहमियत को समझा है और यही वजह है कि आज हम आपदाओं से और बेहतर तरीके से निपट रहे हैं। अपनी उपलब्धियों के आधार पर, हम मौसम विज्ञान संबंधित पहलुओं को आधुनिक बनाना चाहते हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सालगिरह की शुभकामनाएं



भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पहली सालगिरह की शुभकामनाएं। मणिपुर से मुंबई तक हमने अन्याय के हर रूप को देखा, हर वर्ग की तकलीफ को समझा। न्याय के लक्ष्य से चले थे-बदलाव आया, भारत जाग उठा, अपने हक़ के लिए लड़ा।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### पोप का धन्यवाद



मुझे बाल श्रम के मुद्दे पर अतीत में पोप से हमारी उत्साहजनक बैठकें और बातचीत याद है। मैं दुनिया के सबसे हाशिये पर पड़े, बहिष्कृत और उत्पीड़ित बच्चों के प्रति आपकी करुणा को गहराई से धन्यवाद और प्रशंसा करता हूं।

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता**

### देश से की गद्दारी



बीजेपी ने देश से की गद्दारी। पिछले साढ़े 10 साल से केंद्र सरकार में बीजेपी के ही गृह, रक्षा और विदेश मंत्री हैं बीजेपी की केंद्र सरकार ने देश की सीमाओं को कमजोर करके बांग्लादेशी और रोहिंग्या को बसाया है। बीजेपी ने भारत मां से ग़द्दारी की है।

**-संजय सिंह, आप नेता**

## संक्षेप

### किसान की 40 बीघा जमीन धोखे से नाम कराई

**जिला पंचायत सदस्य ने खड़ी फसल नष्ट की, 50 लाख के लोन का झांसा दिया**

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, बछरायूं थाना क्षेत्र में एक बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर एक किसान से 50 लाख रुपये का लोन दिलाने और डीसीएम गाड़ी दिलाने का झांसा देकर उसकी 40 बीघा जमीन हड़प ली। वाजिदपुर गांव के किसान रामवीर पुत्र अंतराम ने बताया कि आरोपियों ने धोखे से उनसे कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए और जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया। इतना ही नहीं, जमीन पर कब्जा करने की नीयत से जिला पंचायत सदस्य ने अपनी मौजूदगी में ट्रैक्टर से खेत में खड़ी गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया। पीड़ित किसान का कहना है कि उसे न तो वादा किया गया लोन मिला और न ही डीसीएम, लेकिन उसकी पूरी जमीन आरोपियों के नाम हो गई। हल्का लेखपाल पर भी आरोपियों से मिलीभगत का आरोप है। पीड़ित को आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं। मामले में पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

### मंदिर के कुएं से अतिक्रमण हटाने की मांग

**पुजारी की भूख हड़ताल, अधिकारियों के आश्वासन पर टूटा अनशन**

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, जोया कस्बे में एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया, जहां शिव दुर्गा मंदिर के पुजारी महंत कृपाल दास ने मंदिर परिसर में स्थित कुएं पर अवैध अतिक्रमण के विरोध में भूख हड़ताल शुरू की। मामला 30 साल पुराने विवाद से जुड़ा है, जहां मंदिर परिसर में पांच दुकानें अवैध रूप से निर्मित की गई हैं। विशेष रूप से, व्यापारी मोहम्मद खालिद ने कुएं का आधा हिस्सा पाटकर वहां दुकान का निर्माण कर लिया था। हालांकि, मंदिर के पुजारी पहले ही इस मामले में कानूनी लड़ाई जीत चुके हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने भी इन दुकानों को अतिक्रमण का नोटिस जारी किया है। पुजारी की भूख हड़ताल की सूचना मिलते ही एसडीएम सदर सुधीर कुमार और सीओ अरुण कुमार मौके पर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि पुजारी ने इससे पहले डिडौली प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर भूख हड़ताल की चेतावनी दी थी। अधिकारियों ने वार्ता की, लेकिन पुजारी अतिक्रमण हटने के ठोस आश्वासन के बिना मानने को तैयार नहीं थे। अंततः, एसडीएम सुधीर कुमार ने आगामी कुछ दिनों में कुएं से अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन के बाद महंत कृपाल दास ने अपना अनशन समाप्त किया और अधिकारियों ने उन्हें जूस पिलाकर उपवास तुड़वाया। यह घटना स्थानीय प्रशासन और धार्मिक स्थलों के संरक्षण के बीच संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

# स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार घरौनियों का डिजिटल वितरण करेंगे प्रधानमंत्री

## केडीसी में होगा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

- तहसील व ब्लाक मुख्यालय पर भी होगा सजीव प्रसारण
- सभी ग्राम पंचायतों में होगा घरौनी वितरण

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा




बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 18 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार की गई घरौनियों का डिजिटल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। डीएम ने बताया कि जनपद स्तर पर स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच के जिम्नेजियम हाल तथा सभी तहसीलों व विकास खण्डों के साथ-साथ सभी ग्राम पंचायतों में भी दोपहर 12:30 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लाभार्थियों को घरौनियों का वितरण किया जाएगा। डीएम ने बताया कि जनपद स्तर पर केडीसी के जिम्नेजियम हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड मुख्य अतिथि होंगे। इसके अतिरिक्त सदर विधायक अनुपमा जायसवाल व अन्य जनप्रतिनिधिगण को भी आमंत्रित किया गया है। सम्पूर्ण जनपद में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा घरौनियों के डिजिटल वितरण का सजीव प्रसारण किया जाएगा। इसके पश्चात लाभार्थियों को घरौनियों का मूल रूप में वितरण किया जायेगा। डीएम ने बताया कि तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत 46 राजस्व ग्रामों में 9308, कैसरगंज के 121 राजस्व ग्रामों में 27356, महसी के 30 राजस्व ग्रामों में 3956, मिहींपुरवा (मोतीपुर) के 65 राजस्व ग्रामों में 13297, नानपारा के 72 राजस्व ग्रामों में 23543 तथा तहसील पयागपुर के 60 राजस्व ग्रामों में 14944 कुल 394 राजस्व ग्रामों (352 ग्राम पंचायतों) में 91971 घरौनी का वितरण तहसील, ब्लाक व ग्राम पंचायत स्तर पर जन सामान्य व मा. जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।

# ककरहा में पंचवटी श्री सीताराम आश्रम द्वारा कम्बल वितरण तथा सहभोज कार्यक्रम हुआ आयोजित

## कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड

अमन लेखनी समाचार




मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक आश्रम में आयोजित समरसता का प्रतीक खिचड़ी भोज एंव कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड ने जरूरतमंदों को कंबल भेंट किया साथ ही क्षेत्र के लोगों से उनका हाल-चाल तथा क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में भी सांसद ने जानकारी ली। मिहींपुरवा तहसील के ग्राम पंचायत ककरहा में सिद्धेश्वर मंदिर के प्रांगण में श्री सीताराम आश्रम द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि बहराइच सांसद डा आनन्द कुमार गोंड तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के गरीब निराश्रित जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किया गया तथा इस पिछडे क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के लिए गुरूकुल विद्यालय तथा संस्कार शाला की स्थापना के लिए जगह प्रस्तावित की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने श्री सीताराम आश्रम की सराहना करते हुए कहा कि गरीबों की मदद के लिए पंचवटी श्री सीताराम आश्रम तथा रविशंकर महाराज को इस पुनीत कार्य के लिए कोटि कोटि धन्यवाद तथा सभी को इसी प्रकार गरीबों की मदद बढ चढ कर करनी चाहिए। रविशंकर महाराज ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछडे इस क्षेत्र में गुरूकुल विद्यालय तथा संस्कार शाला खोला जायेगा जिससे इस क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर संस्कारी बनाया जायेगा कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक अजय कुमार, विभाग बौद्धिक प्रमुख अशोक कुमार, जिला कार्यवाह भूपेंद्र कुमार, जिला सह संघचालक सुरेश कुमार, विहिप के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह, स्वयंसेवक हिमांशु तिवारी, राजकुमार ,आमित कुमार सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ ही काफी संख्या में लाभार्थी एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने एसएसबी जवानों के साथ की छापेमारी

**नारकोटिक्स दवाओं के खिलाफ चला चेकिंग अभियान**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। ड्रग इंस्पेक्टर बहराइच विनय कृष्णा यादव एवं एस एस बी जवानों के साथ की छापेमारी नेपाल के सरहदी इलाकों में नारकोटिक्स ड्रग के खिलाफ सघन छापेमारी कई दिनों से लगातार जारी है। नेपाल के सरहदी इलाकों में लोकही बरुही इलाकों में नशीली दवाओं की बिक्री की रोकथाम के लिए ड्रग इंस्पेक्टर ने एसएसबी जवानों के साथ दर्जनों से अधिक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की एवं कई मेडिकल स्टोर से सैंपल एकत्रित किए। जिन्हें लैब टेस्ट के लिए भेज दिया है। जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी के दिशा निदेर्शानुसार जिले में नशीली दवाओं की बिक्री की रोकथाम के लिए कड़ाई से अनुपालन के संबंध में पूरे जिले में छापेमारी की जा रही है। इस दौरान अगर कोई भी मेडिकल स्टोर वाला या कोई भी नशीली दवा बेचने के सिलसिले में पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर नारकोटिक्स एक्ट के तहत सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।



# रुपईडीहा में पोस्ट इमीग्रेशन सब इंस्पेक्टर गरीब बच्चों को दे रहे हैं शिक्षा दान

- सभासद प्रतिनिधि शाहिद हाशमी ने इमीग्रेशन सब इंस्पेक्टर को किया सम्मानित
- बच्चों को टॉफी और चॉकलेट भी बांटी

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। इंडो नेपाल बॉर्डर स्थित रुपईडीहा में पोस्ट इमीग्रेशन सब इंस्पेक्टर आश्तोष दुबे गरीब बच्चों को शिक्षा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने स्थानीय बच्चों के लिए एक क्लास रूम की शुरूआत की, जहां उन्हें बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। इस पहल से क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा की अहमियत का अहसास हो रहा है और उनका भविष्य संवरने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इस पहल को लेकर सभासद प्रतिनिधि शाहिद हाशमी ने इमीग्रेशन सब इंस्पेक्टर आश्तोष दुबे की सराहना की। उन्होंने न केवल श्री दुबे को सम्मानित किया, बल्कि बच्चों के बीच खुशी का माहौल बनाने के लिए उन्हें टॉफी और चॉकलेट भी बांटी। शाहिद हाशमी ने कहा श्री दुबे का यह प्रयास सराहनीय है और समाज में बदलाव लाने के लिए ऐसे प्रयासों की आवश्यकता है। हम उम्मीद करते हैं कि यह पहल अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगी। इमीग्रेशन सब इंस्पेक्टर आश्तोष दुबे का मानना है कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और वह इसे हर किसी तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। उनका कहना है कि अगर बच्चे सही दिशा में शिक्षा प्राप्त करें तो उनका भविष्य उज्जवल हो सकता है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने खुशी-खुशी टॉफी और चॉकलेट स्वीकार की और अपने शिक्षक श्री दुबे को धन्यवाद दिया। यह पहल क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# राज्यमंत्री ने 3500 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

- कड़ाके की सर्दी को देखते हुए पहल, बोले- समाज के सक्षम लोग भी आगे आएं

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश में बढ़ती शीतलहर के बीच स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए बड़ा कदम उठाया है। विकास खंड सिंहपुर की ग्राम पंचायत पन्हौना में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित कुंवर सिंह (मिंटू सिंह) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने 2500 वंचित, गरीब, असहाय और वृद्ध लोगों को कंबल वितरित किए। राज्यमंत्री ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब और निर्बल लोगों को कंबल बांटना सबसे पुनीत कार्य है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी इस तरह के कार्यों में आगे आने की अपील की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित कुंवर सिंह की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी सोच हर व्यक्ति को रखनी चाहिए। इसी क्रम में धीरापुर में ग्राम प्रधान नवीन श्रीवास्तव के आयोजन में एक हजार गरीब और असहाय लोगों को भी कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में कुँवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, कुँवर अवनींद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, अखंड प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, राजेन्द्र कुमार, हरिकेश गौतम और संदीप पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कंबल पाकर जरूरतमंद लोगों के चेहरे खिल उठे।

# कमिश्नर ने की एनआईसी रूम की शुरूआत

**फार्मर आईडी और सर्वर की समस्या पर दिया जवाब, बोले- फीडबैक से होंगी दूर**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, अयोध्या मंडल के कमिश्नर गौरव दयाल ने सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट का दौरा किया। उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेने के बाद नवनिर्मित एनआईसी (नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर) रूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीएम कृतिका ज्योत्सना, एसपी कुंवर अनुपम सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

कमिश्नर दयाल ने बताया कि पुरान्शे एनआईसी रूम की स्थिति और लोकेशन उपयुक्त नहीं थी।

नए भवन में रिव्यू बैठकें और कानून व्यवस्था संबंधी मीटिंग्स बेहतर तरीके से आयोजित की जा सकेंगी। उन्होंने इस पहल के लिए डीएम की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रशासन के साथ-साथ आम जनता को भी लाभ मिलेगा। फार्मर आईडी और सर्वर की समस्या पर बोलते हुए कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि यह समस्या पूरे राज्य स्तर पर है। उन्होंने कहा कि नए अभियानों की शुरूआत में ऐसी तकनीकी दिक्कतें आम हैं, जिन्हें फीडबैक के आधार पर दूर किया जा रहा है। शासन लगातार स्थिति की समीक्षा कर रहा है और सभी डीएम इन समस्याओं के समाधान में जुटे हैं। दौरे के दौरान कमिश्नर ने एनआईसी भवन में जिले के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की।

# किन्नर गैंग के खिलाफ कार्रवाई न करने पर बवाल

## बांदा में जेडीयू का प्रदर्शन, नगर कोतवाल की बर्खास्तगी की मांग की

अमन लेखनी समाचार



बांदा, किन्नर गैंग द्वारा युवाओं के जबरन लिंग परिवर्तन के मामले में पुलिस की कथित निष्क्रियता के विरोध में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। जेडीयू की प्रदेश महिला अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। मामला तब और गंभीर हो गया, जब पुलिस ने आरोपी किन्नर गैंग की शिकायत पर जेडीयू की महिला अध्यक्ष के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा दर्ज कर लिया। शालिनी सिंह का कहना है कि वह पीड़ित युवाओं की आवाज उठा रही थीं, जिन्हें जबरन किन्नर बनाकर उनकी नीलामी की जा रही थी। प्रदर्शनकारियों ने तीन प्रमुख मांगों को लेकर गृहमंत्री, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन भेजा है। इनमें जेडीयू कार्यकताओं और पीड़ितों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने, किन्नर गैंग के आरोपियों की गिरफ्तारी और नगर कोतवाल पंकज सिंह को बर्खास्त करने की मांग शामिल है। गौरतलब है कि इससे पहले किन्नर गैंग की कैद से छूटे कुछ पीड़ितों ने इस मामले को उजागर किया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी गैंग के खिलाफ लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज किए थे। लेकिन प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में आनाकानी कर रही है और उल्टे पीड़ित पक्ष को ही परेशान किया जा रहा है। एसपी कार्यालय में घुसकर पीड़ितों की पिटाई करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। वह आज भी आजाद घूम रहे हैं। शालिनी सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री और गृह मंत्री समेत डीजीपी को भी अपनी बात रखकर निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही भ्रष्टाचार में डूबे नगर कोतवाल को बर्खास्त किए जाने की मांग की है।

# हापुड़ में दो जगह चोरी की बड़ी वारदात

**इलेक्ट्रिक की दुकान से 60 हजार के सिक्के और गुड़ व्यापारी के 5.5 लाख रुपए चुराए**

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पहली घटना में चोरों ने गढ़ रोड स्थित एक इलेक्ट्रिक की दुकान से 60 हजार रुपए के चांदी के सिक्के चुराए, जबकि दूसरी घटना में नवीन मंडी में स्थित एक गुड़ व्यापारी की दुकान से साढ़े पांच लाख रुपए की नगदी चोरी कर ली गई। पहली वारदात में चोरों ने सीताराम अग्रवाल की इलेक्ट्रिक दुकान को निशाना बनाया। मंगलवार रात को चोर छत के रास्ते दुकान में घुसे और दूसरी व तीसरी मंजिल के ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दूसरी घटना बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी कुलदीप की गुड़ की दुकान में हुई। सुबह जब कुलदीप एक गुड़ की ट्राली के संबंध में बात करने दुकान से बाहर गए, तब चोरों ने गल्ले में रखे साढ़े पांच लाख रुपए चुरा लिए। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि दोनों मामलों में तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा किया है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**35 साल के युवक की इलाज के दौरान मौत, एक अन्य घायल**

अमन लेखनी समाचार



बांदा, जनपद के बिसंडा थाना क्षेत्र में देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। चमरहा पुरवा के पास एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल हुए यूसुफ पुत्र बग्गड (35) और राम प्रसाद को राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल बबेरू सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बांदा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान यूसुफ की मौत हो गई, जबकि राम प्रसाद का इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक यूसुफ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से मृतक के परिजनों की हालत बेहद दयनीय है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही है।

# एसपी ने युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत वितरित किए टैबलेट

**रजत अग्रवाल बोले- तकनीकी ज्ञान के बिना सफलता प्राप्त करना मुश्किल**

अमन लेखनी समाचार




हापुड़, एटीएमएस समूह के परमार्थ कॉलेज ऑफ फामेर्सी में आयोजित एक समारोह में डिप्लोमा इन फामेर्सी के छात्रों को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट वितरित किए गए। समारोह की शुरूआत समूह के चेयरमैन नरेंद्र कुमार अग्रवाल और अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। चेयरमैन नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उद्यमिता के अवसर प्रदान करना है। समूह के सचिव रजत अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी ज्ञान के बिना किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना मुश्किल है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने छात्रों को तकनीक के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज का युवा तकनीक की मदद से समाज को जागरूक कर विकास में योगदान दे सकता है। संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पंडित आशु शर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा प्राप्त कर न केवल स्वयं उद्यमी बनें, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित करें। इस दौरान शहर अध्यक्ष संजय डाबर, विजय राठी, रजिस्ट्रार प्रतीक शर्मा, सतेंद्र शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### नोएडा के मंगरौली गांव में फायरिंग

**पीड़ित ने कहा- प्लाट पर कब्जा करना चाहते है कुछ लोग, खाली खोके बरामद**

नोएडा, मंगरौली गांव में मंगलवार रात कुछ लोगों ने फायरिंग की। फायरिंग प्लाट पर कब्जे को लेकर की गई थी। पीड़ित की शिकायत पर थाना एक्सप्रेस वे पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने टीम गठित की है। जल्द ही फायर करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पीड़ित प्रमोद शर्मा ने थाना एक्सप्रेस वे पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका मंगरौली में एक प्लाट है। कुछ भू माफिया तरह के लोग उसके इस प्लाट पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे के आसपास पांच से छह लोग उनके प्लाट पर आए और फायरिंग करके डराने लगे। साथ ही प्लाट की चार दीवारी भी तोड़ दी। पीड़ित ने कहा कि अगर किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पीड़ित ने मौके से दो खोके बरामद कर पुलिस को दिए। थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। इसके लिए टीम गठित की गई है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम किया जा रहा है। ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

### गाजियाबाद में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

**2 घंटे के पुलिस अभियान में 456 लोग पकड़े, सभी का चालान**

गाजियाबाद, पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। शाम 7 बजे से 9 बजे तक चले इस दो घंटे के अभियान में कुल 456 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए सभी व्यक्तियों को थाने लाया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण करने के बाद पुलिस अधिनियम 34 के तहत चालान किया गया। पुलिस के अनुसार, गाजियाबाद को तीन जोन में बांटकर यह कार्रवाई की गई। देहात जोन में सबसे अधिक 144 लोग पकड़े गए, जिनमें लोनी से 15, ट्रोनिका सिटी से 9, अंकुर विहार से 11, लोनी बॉर्डर से 22, मसूरी से 25, मुरादनगर से 10, मोदीनगर से 8, निवाड़ी से 6, भोजपुर से 5, वेव सिटी से 10 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 23 लोग शामिल थे। शहर जोन में कुल 154 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कोतवाली घंटाघर से 26, विजय नगर से 31, सिहानी गेट से 12, नंद ग्राम से 42, कवि नगर से 23 और मधुबन बापूधाम से 20 लोग थे। ट्रांस हिंडन जोन में कुल 158 लोगों को पकड़ा गया। इस जोन में इंदिरापुरम से 28, कौशांबी से 22, खोड़ा से 13, साहिबाबाद से 29, लिंक रोड से 23, शालीमार गार्डन से 19 और टीला मोड से 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह अभियान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने से होने वाली असुविधा और कानून व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए चलाया गया।

# सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे, शिक्षा विभाग के जिम्मेदार

## सत्यापन तिथि से पहले ही आवेदन पत्र को कर दिया निरस्त

### आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत हुई दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सरकार की मंशानुरूप निःशुक्ल तथा अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम2009 की धारा12(1)(ग) बनाया जिसके तहद दुर्बल वर्ग के बच्चों का कक्षा 1 व पुर्व माध्यमिक कि कक्षाओं में आनलाइन आवेदन लिया जाता है,लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में तैनात शिक्षा विभाग के जिम्मेदारो के मनमानी रवैया के कारण गरीब बच्चे सरकार की इस योजना से वंचित रह जा रहे हैं जिसके कारण सरकार की छवि भी धुमिल हो रही हैं।




ताजा मामला सहजनवां विकास खंड अन्तर्गत का है,जहां के प्रार्थी यादवेंद्र पुत्र स्व.पीतांबर यादव ग्राम-सीहापार के मूल निवासी है,जो अपने परिवार के साथ नगर पंचायत सहजनवां में किराए के मकान में रहते है। प्रार्थी अपने पुत्र जिसका नाम-अयांश उम्र लगभग (4)वर्ष का आवेदन दो वर्षों से लगातार क्रमशःतीन बार विभिन्न चरणों में निःशुक्ल तथा अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 कि धारा12(1)(ग) के तहद किया,लेकिन आवेदन-पत्र को खंड शिक्षा अधिकारी सहजनवां और बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर के द्वारा आवेदक से पूछताछ और जांच किए बैगर ही आवेदन-पत्र को घोषित सत्यापन तिथि से पहले बिना कारण बताए ही अनियमित तरीके से निरस्त कर दिया गया,जिसके कारण आवेदक का पाल्य इस योजना से वंचित रह गया. जबकि सरकार आवेदन पत्रों की विधिवत जांच कर सत्यापन तिथि के बाद ही आवेदन पत्र पर कुछ निर्णय लेने का नियम बना रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में लंबे समय से तैनात शिक्षा अधिकारी और कर्मचारी उनकी ही मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं,प्रार्थी ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर इस पुरे प्रकरण की जांच कराकर करवाई किए जाने की मांग की जो जनहित में न्याय संगत है।

# पीपीगंज में थाना की गाड़ी से युवक की मौत, पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज, जसवल मार्ग पर भरोहीया गांव के पास गुरुवार की रात पीपीगंज थाना की जीप की टक्कर से 27 वर्षीय युवक इंद्रजीत पासवान पुत्र दुर्गेश की मौत हो गई। मृतक युवक थाना सहजनवा के मटियारी ग्राम सभा का निवासी था और वह अपनी बहन के घर से पीपीगंज होते हुए अपने घर मटियारी जा रहा था। दूसरी ओर से जसवल से आ रही थाना की गाड़ी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसे एंबुलेंस के माध्यम से कौड़िया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, अस्पताल जाते हुए युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।स्थानीय लोगों ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कर्मी गाड़ी चला रहे थे और वे लापरवाही से वाहन चला रहे थे, जिसके कारण यह दुर्घटना घटी। पुलिस की कार्यशैली पर उठते सवालों के बीच इस घटना ने सुरक्षा मानकों और पुलिस गाड़ियों के संचालन को लेकर एक गंभीर बहस को जन्म दिया है। दुर्घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर गई है। स्थानीय निवासी और परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस कर्मी अधिकारी सतर्कता बरतते तो यह दुर्घटना रोकी जा सकती थी। पुलिस की लापरवाही की आलोचना करते हुए, लोगों ने मांग की है कि पुलिस गाड़ियों के संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।इस हादसे ने क्षेत्रीय समुदाय में गहरा शोक छेड़ा है। इंद्रजीत पासवान की अचानक मौत ने उसके परिवार को गहरे दुख में डुबो दिया है। परिजनों का कहना है कि पुलिस प्रशासन को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि अन्य लोगों के साथ ऐसा हादसा न हो।इस घटना के बाद, स्थानीय लोग और संगठनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, यह घटना पुलिस गाड़ियों के संचालन और सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को भी सामने ला रही है, जिसे प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए। पीपीगंज क्षेत्र में हुई इस दुखद घटना ने पुलिस के रवैये और सुरक्षा उपायों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, और यह घटना भविष्य में पुलिस अधिकारियों के लिए एक चेतावनी बन सकती है।

# विधायक विपिन सिंह ने हरैया में किया कंबल वितरण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र स्थित के ग्रामसभा हरैया में ग्रामीण विधायक विपिन सिंह द्वारा गरीब और निराश्रित लोगों के बीच शुक्रवार को एक हजार कंबल वितरण किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी इस ठंड में परेशान न हो। इसलिए सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए कंबल दिया जा रहा है। विधायक ने आगे कहाकि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्ग को एक समान सम्मान देती है। कार्यक्रम में अमित पांडेय प्रधान प्रतिनिधि भिलोरा ने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए।जरूरतमंदों की सेवा ईश्वर सेवा के बराबर होती है।ब्लॉक के हरैया, बहरामपुर और गुरौली सहित तीन गांव के एक हजार जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान अमित पांडेय प्रधान प्रतिनिधि भिलोरा, मिथिलेश निषाद प्रधान प्रतिनिधि हरैया, सत्यम साहनी प्रधान प्रतिनिधि बहरामपुर प्रभाशंकर पांडेय, शुभम कुमार श्रीवास्तव चौकी प्रभारी नौसढ़, नारद पांडेय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पीड़िता के भाई को धमकाते आरोपी का आडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पिछले दिनों एक युवती के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस मे छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया था। हालांकि पीड़िता ने आरोपी युवक पर तमंचे के बल पर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। शुक्रवार को पीड़िता के भाई को धमकाते हुए आरोपी का एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। आडियो वायरल होने के बाद पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं। शुक्रवार को आरोपी के वायरल हो रहे आडियो ने मामले में नया मोड़ खड़ा कर दिया है। आडियो वायरल होने के बाद पुलिस की फजीहत भी बढ़ गई है। मामला दिन ब दिन तूल पकड़ता जा रहा है। वायरल आडियो में आरोपी युवक द्वारा पीड़िता के भाई को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। वहीं आरोपी युवक द्वारा पीड़िता के साथ गलत करने की बात भी कही जा रही है। हालांकि अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन वायरल हो रहे आडियो ने पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का पहले से ही पुलिस पर आरोपी युवक पर दुष्कर्म के बजाय छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को बचाने के आरोप लग चुके हैं। जो वायरल हो रहे आडियो में पुलिस के बचाव कार्य की पोल खोल रहे हैं। आडियो वायरल होने के बाद खागा पुलिस पर लोग आरोपी को बचाने के आरोप को सही साबित कर रहे हैं। पीड़िता के भाई ने बताया कि अनपढ़ होने की वजह से पुलिस ने खुद ही तहरीर लिखी है। तहरीर में पुलिस ने आरोपी पर महज छेड़छाड़ को दशार्या है, पुलिस आरोपी को बचाने की फिराक में है। वहीं आडियो वायरल होने के बाद से पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### तमंचे की नोक पर बंधक बना हुआ था दुष्कर्म

घटना बीते 14 जनवरी शाम की बताई जा रही है। जब आरोपी युवक के पत्नी द्वारा युवती को बहलाकर घर बुलाया गया। जिसके बाद आरोपी युवक गुरु प्रसाद ने अपनी पत्नी की सह पाकर युवती के साथ तमंचे की नोक पर बंधक बनाकर दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम दिया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक युवती को बोरे में भरकर फेंकने जा रहा था। हालांकि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार भी कर लिया है।

### आडियो वायरल होने के बाद पुलिस की फजीहत

पहले से ही पीड़िता के परिजनों ने पुलिस पर आरोपी को बचाने की नजर से दुष्कर्म के बजाय छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया था। आडियो वायरल होने के बाद परिजनों द्वारा पुलिस पर लगाए गए आरोप भी सही साबित हो रहें हैं। वायरल आडियो पर आरोपी युवक द्वारा पीड़िता के साथ गलत करने की बात खुद स्वीकार की जा रही है। जिससे पुलिस की जमकर फजीहत हो रही है।

# गुन्जा देबी ने कराया हरिजन बस्ती में लगभग दो सौ मीटर सीसी रोड का निर्माण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक अंतर्गत विकासखंड सहजनवां के ग्राम सभा कोडरी कला में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामलाल निषाद ने गांव के हरिजन बस्ती मे वर्षो से बनी रास्ते कि समस्या को समाप्त करने के लिए लगभग 200 मीटर आर सी सी रोड का निर्माण कराया, जिससे पुरे हरिजन बस्ती कि समस्या का समाधान हो गया है।पुरे गांव में इस बात से खुशी का माहौल है, सभी लोग इस बिकास कार्य कि सरहना कर रहे है।



# नोएडा पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

- जवाबी फायरिंग में दो को लगी गोली, चोरी के 20 हजार रुपये और अवैध हथियार बरामद

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में बादलपुर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने घायल बदमाशों के पास से चोरी के 20 हजार रुपये, मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद किए हैं।

घटना एनटीपीसी तिराहा मार्केट के पास की है, जहां पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति धूममानिकपुर की तरफ से आए। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे भागने लगे। पीछा करने पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। घायल



बदमाशों की पहचान बिलाल (23) और तबरेज (22) के रूप में हुई है। दोनों दादरी के नई आबादी इलाके के रहने वाले हैं।

इन्होंने 10 जनवरी को राजतपुर में एक फैक्ट्री के बाहर खड़ी गाड़ी से पैसों का बैग चोरी किया था। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी का बैग, जिसमें 20,005 रुपये थे, एक मोटरसाइकिल और अवैध तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

# मेहंदी के दिन गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड ने खाया जहर

## मौत से पहले फोन कर बोला-हम जान दे रहे; तीन दिन बाद थी लड़की की शादी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में प्रेमी युगल ने जहर खा लिया। युवती की तीन दिन बाद शादी होनी थी। मेहंदी की रस्म के दिन वो घर से खरीदारी करने की बात कहकर निकली। प्रेमी को कॉल करके बुलाया। इसके बाद दोनों ने सड़क पर एक साथ जहर खा लिया। राहगीर ने बताया कि दोनों जहर खाने से पहले एक-दूसरे का हाथ थामा था। युवक ने घर वालों को फोन कर कहा-'हम मर रहे हैं'। इसके बाद दोनों जमीन पर बेसुध दिखे। परिजनों ने दोनों अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि युवती की हालत नाजुक है। ये घटना खरखौदा थाना क्षेत्र की है। अतराड़ा गांव निवासी (24) शिवांक का दूसरे गांव की (23) युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शिवांक की हार्डवेयर की दुकान है।



युवती एक मेडिकल कॉलेज में काम करती है। युवती के परिजनों ने उसकी शादी तय कर दी थी। शादी होनी थी। युवती की मेहंदी की रस्म थी। दोपहर को दोनों ने लोहियानगर थाना क्षेत्र में जहर खा लिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। शिवांक की मौत हो गई। युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। युवती घर से लहंगा देखने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद शिवांक को कॉल की। वो थोड़ी देर बाद उससे मिलने गाड़ी लेकर आया। युवती को लेकर गांव से बाहर खाया। यहां करीब दोनों दो घंटे तक एक-दूसरे बात की। इस दौरान दोनों रोते रहे। पुलिस का मानना है कि युवक ही जहर लेकर आया था। फिर दोनों ने जहर खा लिया। फिर युवक ने घर वालों को कॉल की। उसने कहा-'हम मरने जा रहे हैं, शायद मेरी आखिरी कॉल है।' ये सुनकर युवक के परिजन घबरा गए। उस जगह पहुंचे, तो दोनों जमीन लेटे दिखे। तड़प रहे थे। पुलिस के अनुसार, गांव वालों से बातचीत में पता चला कि दोनों में करीब तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके बारे में घर वालों को पता था। दोनों को एक-दूसरे मिलने के लिए मना किया था। लेकिन, वो नहीं माने थे। इसके बाद युवती के परिजनों ने उसकी शादी तय कर दी। लेकिन, युवती उसी से शादी की जिद करती रही। इसके बाद दोनों ये कदम उठा लिया।

लोहिया नगर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों ने प्रेस प्रसंग में जहर खाया है। लड़की के कार्ड की थीम में जो गीत बैक ग्राउंड में रखा गया, वो आज सजेया ऐ वे सारा शहर, आज हो गयी आ वे रब दी मेहर, हाए सजेया ऐ वे सारा शहर... है।

# गाजियाबाद में कैंटर पीर से टकराया

## कोहरे के कारण हुआ हादसा, लोगों ने आस्था के स्थल को दुबारा बनाने की मांग की

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, तड़के एक गंभीर हादसा हुआ, जहां घने कोहरे के कारण एक तेज रफ्तार कैंटर गंगनहर पटरी स्थित एक पीर से टकरा गया। हादसा सुबह लगभग तीन बजे साले नगर गांव के पास हुआ,

जिसमें पीर का निर्माण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार, मेरठ के थाना जानी की ओर से आ रहा कैंटर घने कोहरे के कारण चालक को कुछ दिखाई नहीं दिया और वाहन सीधा पीर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीर के ऊपर बना कमरा पूरी तरह से ढह गया। सौभाग्य से हादसे के समय पीर में कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पीर धार्मिक महत्व की है, जहां हर गुरुवार को श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने आते हैं।



हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने पीर के पुनर्निर्माण की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारी क्षेत्र के सीमा विवाद को लेकर जांच में जुटे हैं। घटना ने एक बार फिर कोहरे के मौसम में वाहन चालकों को सतर्क रहने और धीमी गति से वाहन चलाने की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

# साहित्य साधना वीणा सम्मान से पुरस्कृत हुई शिक्षिका

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुरे राष्ट्रीय स्तर की काव्य गोष्ठी पर भारत के धरोहर प्रमुख मंदिरों पर काव्य पाठ आनलाइन प्रतियोगिता नव प्रज्ञा काव्य फाउंडेशन (रजि०) पटल पर आयोजित की गई। जिसमें भारत के प्रमुख मंदिर नामक शीर्षक से कवि एवं कवित्रियों के द्वारा स्वरचित कविताओं को प्रस्तुत किया गया । एक सैकड़ा से ज्यादा प्रतिभागियों ने कवियों ने प्रतिभागियों ने काव्य पाठ किया। जिसमें तीन प्रतिभागियों को चयनित कर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान दिया गया। जिसमें शिक्षिका कम्पोजिट विद्यालय अमौली की प्रतिमा उमराव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। संस्था द्वारा शिक्षिका को डाक के द्वारा साहित्य साधना वीणा सम्मान प्रमाण पत्र एवं एक मेडल संस्था की ओर से भेजा गया। इस उपलब्धि के लिए शिक्षिका को सभी शुभचिंतकों एवं इष्ट मित्रों के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।




# तीर्थस्थल की 300 बीघा जमीन पर कब्जे का विवाद

## फर्जी साधु पर ग्रामीणों का आरोप, एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन, 17 जनवरी को महापंचायत की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, परतापुर में विश्वामित्र तीर्थस्थल की करोड़ों रुपए की 300 बीघा जमीन पर कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सैकड़ों ग्रामीणों ने एसएसपी कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि एक व्यक्ति ने फर्जी तरीके से भगवा वस्त्र धारण कर कुछ स्थानीय लोगों की मदद से तीर्थस्थल की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है।

गगोल और आसपास के गांवों के लोगों का कहना है कि शिवदास नाम का यह व्यक्ति न तो कोई महंत है और न ही पुजारी। कुछ समय पहले वह अचानक तीर्थस्थल पर आया और भगवा वस्त्र धारण कर स्वयं को साधु बताने लगा। आरोप है कि वह तीर्थस्थल पर अनैतिक गतिविधियां भी चला रहा है और वहां चार-पांच महिलाओं को भी रख छोड़ा है। जिला पंचायत सदस्य नितिन भड़ाना और



मोहिद्दीनपुर गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपक राणा ने बताया कि यह स्थल 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा है, जहां कई देशभक्त शहीद हुए थे। सोमवार को महंत शिवदास ने भाजपा के ऊर्जा मंत्री पर भी अपने लोगों से कब्जा कराने का आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र दिया था। प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों से नोकझोंक की स्थिति भी बनी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 17 जनवरी तक कार्रवाई नहीं हुई तो वे तीर्थस्थल पर महापंचायत करेंगे और मुख्यमंत्री से भी शिकायत करेंगे। अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संक्षेप

### पति पत्नी के विवाद में रिश्तेदार नामजद

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। पति पत्नी के बीच हुए विवाद में रिश्तेदारों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है जबकि रिश्तेदारों ने घटना से कोई सम्बंध न होने की बात कही है। मौदहा कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी बबलू खान पुत्र नवाब खान ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसे उसकी पत्नी गुड़िया और बाघा मोहल्ला निवासी इरशाद राजू और बबलू ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ लाठी डंडे और चाकू से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वहीँ इरशाद राजू ने बताया कि उनका इस मामले में कोई सम्बंध नहीं है और न ही घटना या उसके आगे पीछे वह वहां गए हैं लेकिन पुलिस ने उन पर भी मुकदमा दर्ज किया है तो वह आलाधिकारियों से इस मामले की शिकायत करेंगे।

### उपरौस मैदान बना वाहन पार्किंग का अड्डा

**उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को दिए जांच कर कार्यवाही के आदेश**

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कस्बे का उपरौस इमाम चौक मैदान वाहन पार्किंग का अड्डा बन गया है।जिसको लेकर ईदगाह के सदर ने उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवैध पार्किंग हटवाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने का आदेश दिया है। मौदहा कस्बे के भीतर सबसे बड़े मैदान उपरौस इमाम चौक बीते कुछ समय से अवैध पार्किंग हब बन गया है।जिसके चलते बच्चे मैदान में खेलने से वंचित हो रहे हैं।इतना ही नहीं उक्त मैदान में अपने वाहनों की पार्किंग को लोगों ने अपना अधिकार बनाते हुए प्रतिष्ठा से भी जोड़ दिया है जिसके चलते ईदगाह कमेटी के सदर और उपरौस निवासी जावेद अख्तर ने उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवैध पार्किंग हटाने की मांग की है। उप जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

### जन्मदिन मनाते समय पड़ोसी ने गालीगलौज कर की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। सिसोलर थाना क्षेत्र के भुलसी गांव निवासी महिला ने तहरीर देते हुए बताया है कि गत गुरुवार की रात जन्म दिवस मनाते समय पड़ोसी युवक ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। जिससे आहत होकर उसने थाने में तहरीर सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। सिसोलर थाना क्षेत्र के भुलसी गांव निवासी गीता पत्नी अनिल प्रजापति ने तहरीर सौंपते हुए बताया है कि गुरुवार की रात अपने घर में रिश्तेदारों के साथ पुत्री का जन्म दिन मना रही थी। तभी परिवार का चुन्नू प्रजापति पुत्र लल्लू प्रजापति नशे की हालत में आया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा।इसी बीच देवर सुनील ने मामले को शांत कराने की कोशिश की तो चुन्नू ने देवर के साथ भी मारपीट की।पीड़ित ने डायल 112 को फोन कर घटना से अवगत कराया।सुबह होने पर पीड़िता ने थाना प्रभारी को तहरीर सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की डीएम ने की समीक्षा

## संबंधित अधिकारी तथा समस्त एमओआईसी मौजूद रहे

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने तथा संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग, नियमित टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग, सहित अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं/कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया।उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर आदि का नियमित निरीक्षण करें तथा जहां पर जो भी कमियां हैं उनको समिति के सम्मुख प्रस्तुत करें जिससे उसमें सुधार सुनिश्चित किया जा सके।अस्पतालों में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए, जो आवश्यक सामग्री, उपकरण उपलब्ध नहीं है उन्हें खरीदने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने बिना लाइसेंस के संचालित अस्पताल, नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड सेंटर, मेडिकल स्टोर के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सभी एमओआईसी को दिया इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में जो आशा सही ढंग से कार्य नहीं कर रहीं हैं उनको हटाया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त अधीक्षक व चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप समस्त कार्यक्रमों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, सीएमएस डा. बीपी अग्रवाल, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

# आवारा सांड़ के हमले में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

## प्रशासन की लापरवाही पर ग्रामीणों में रोष

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में आवारा पशुओं का आतंक जारी है। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव में एक आवारा सांढ़ के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए 60 वर्षीय रामकृपाल वर्मा की तीन दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।घटना के बाद ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से इस सांढ़ ने क्षेत्र में आतंक मचा रखा था। स्थानीय निवासी ज्ञानती सिंह के अनुसार, इस समस्या की शिकायत ब्लॉक प्रशासन और हेल्पलाइन नंबर 1076 पर की गई थी।टीम मौके पर आई भी, लेकिन बिना कोई ठोस कार्रवाई किए वापस लौट गई।ग्राम प्रधान मेवालाल सरोज ने बताया कि उन्होंने खुद सेक्रेटरी और वीडियो के माध्यम से इस समस्या की शिकायत दर्ज कराई थी।ब्लॉक से आई टीम ने सिर्फ औपचारिकता निभाई और सांढ़ को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया।प्रशासन की इस लापरवाही के कारण एक बुजुर्ग की जान चली गई।

### रामकृपाल की मौत के बाद आक्रोशित हैं ग्रामीण

पशु विभाग तथा अमेठी प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि आवारा पशुओं की समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं न हों।

# आरपीएफ के पहुंचने पर ठेकेदार ने फिर सड़क बनवाना शुरू कराया

**किसानों ने की नापजोख के बाद कार्य कराने की मांग**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। रेलवे अधिकारियों के मना करने के बावजूद ठेकेदार ने बिना नापजोख के फिर से सड़क बनवाना शुरू कर दिया।जिस पर किसानों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ मौके पर पहुंचकर कार्य को फिर रुकवा दिया। मौके पर मौजूद आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर ने उच्चाधिकारियों को नापजोख कराने के लिए रिपोर्ट भेजी है।

सुमेरपुर कस्बे में मौजूदा समय में रेलवे के कार्य प्रगति पर हैं। इसी के तहत रेलवे क्रॉसिंग के पास वार्ड नंबर चार की तरफ रेलवे ठेकेदार सड़क बनवा रहा है। जिसमें वह मनमानी तरीके से बिना नापजोख के सड़क निर्माण कर रहा है। बृहस्पतिवार को किसानों ने विरोध किया था और नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आम रास्ते में रेलवे ठेकेदार द्वारा सड़क बनवाएं जाने से अवगत कराया था। जिस पर ईओ ने रेलवे के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार से बात की थी। तो उन्होंने काम को बंद कराने की बात कहते हुए नापजोख करने के लिए कहा था। लेकिन शुक्रवार को रेलवे के अधिकारी मौके पर नहीं आए। लेकिन काम शुरू कराने के लिए घाटमपुर आरपीएफ के चौकी इंचार्च राजकुमार को भेज दिया। उनके आने के बाद ठेकेदार ने फिर काम शुरू करा दिया। इस पर किसानों ने नगर पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, ईओ दिनेश आर्य, लेखपाल अशोक कुमार आदि मौके पर पहुंचे। निर्माण कार्य करा रहे कार्यदाई संस्था के अवर अभियंता से बिना नापजोख के कार्य न कराने के निर्देश दिए। ईओ ने रेलवे के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार से बात कर नापजोख कराये बगैर कार्य बंद रखने के लिए कहा। वहीं आरपीएफ के चौकी इंचार्ज ने बताया कि काम में किसी तरह का विरोध नहीं है। सिर्फ नापजोख का मामला है।वह उच्चाधिकारियों को नापजोख कराने के लिए रिपोर्ट भेजेंगे।

# कृषि विक्रेताओं की दुकानों एवं गोदामों पर की गई सघन छापेमारी

## 03 विक्रेताओं व एक दुकान बन्द होने से लाइसेन्स निलंबित

अमन लेखनी समाचार



अमेठी।जनपद में रबी फसलों की विकास की अवस्था में है कृषकों द्वारा अपनी फसलों को खरपतवार, कीटों एंव बिमारियो से बचाने के लिए विभिन्न प्रकार कृषि रक्षा रसायनों का प्रयोग किया जाता है।कृषि रक्षा रसायनों की पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता युक्त कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु शीर्ष संस्थाओं तथा निजी क्षेत्र के थोक एवं फुटकर विकेताओं के गोदामों/ बिकी केन्द्रों पर संघन निरीक्षण हेतु शासन के निर्देश तथा जिलाधिकारी निशा अनन्त के आदेश के क्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं उपजिलामजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम तहसील तिलोई में उपजिलामजिस्ट्रेट अमित कुमार सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी डा० राजेश कुमार, तहसील मुसाफिरखाना में उपजिलामजिस्ट्रेट पंकज मिश्रा एवं जिला कृषि अधिकारी डा० राजेश कुमार, तहसील गौरीगंज में उपजिलामजिस्ट्रेट दिग्विजय कुमार सिंह एवं उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार, तहसील अमेठी में उपजिलामजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी हरिओम मिश्रा द्वारा आज छापेमारी की गयी।छापे के दौरान जनपद के कुल 25 कृषि रक्षा रसायन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, 11 पेस्टीसाइड के नमूने ग्रहित किये गये तथा अनियमितता के कारण 03 विक्रेताओं को नोटिस तथा एक दुकान बन्द होने के कारण लाइसेन्स निलंबित किया गया। ग्रहित नमूने फेल होने की दशा संबंधित दुकानदार के खिलाफ कीटनाशी अधिनियम 1968 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। वर्तमान समय में जनपद में पर्याप्त मात्रा में कृषि रसायन उपलब्ध है।

# माई भारत के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आयोजित किया जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। नेहरू युवा केंद्र द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 17 से 23 जनवरी तक किया जाना है। जिसका शुभारंभ राजकीय हाईस्कूल कुछेछा में करते हुये मुख्य अतिथि डा. सी बी राजपूत डिप्टी चिकित्साधिकारी एवं अमिताभ राय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण करके किया गया। इस कार्यक्रम में 25 युवाओं को प्रशिक्षण देते हुये जिला युवा अधिकारी श्रीमती विष्णुप्रिया ने युवाओं को 23 जनवरी तक जनपद के अलग-अलग स्थान पर निरंतर सड़क सुरक्षा को लेकर आम जनमानस के बीच जागरूकता के लिए प्रेरित करते हुये कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। परिवहन विभाग के अमिताभ राय ने बताया कि सड़क दुर्घटना के दृष्टिगत कुछेछा से लेकर मौदहा तक 13 ब्लैक स्पॉट है जहां अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन जगहों पर अत्यधिक सावधानी के साथ चलना चाहिए जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यातायात विभाग के सत्यप्रकाश उमराव ने बताया कि जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग करना होगा। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना, नशा करके वाहन न चलाना, ओवर स्पीड में वाहन न चलाना एवं दुर्घटना के समय पर जरूरतमंद की मदद करना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन बुंदेलखंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दीप चन्द्र द्वारा किया गया। जिन्होंने बताया कि छोटी-छोटी सावधानी बरतने से दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। सड़क सुरक्षा को हमें अपनी आदत बनाना होगा। परिवहन विभाग के चंदन पांडे ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस मौके पर कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार यादव, रविंद्र आर्या, सहायक अध्यापक अमर सिंह, अश्वनी कुमार, हरिगेंद्र कुमार, रोहित कुमार, बुंदेलखंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य चंद्रकेतु, दीपक कुमार, आलोक प्रजापति निरंकारी, दीपक प्रजापति निरंकारी, पवित्र निषाद निरंकारी, पवन सिंह यादव, केपी सिंह इत्यादि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### अमेठी में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार की टक्कर

अमेठी के मुंशीगंज थाना क्षेत्र में स्थित जामो भादर चौराहे पर मंगलवार शाम करीब 4 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे में एक बाइक पर सवार मुसाफिरखाना के समसेरिया निवासी राकेश कुमार और उनकी मां घुटुरा, तथा दूसरी बाइक पर सवार विवेक कुमार निषाद, मनीष कुमार श्रीवास्तव और अंकित कुमार सरोज गंभीर रूप से घायल हुए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए और सभी घायल सड़क पर गिरकर तड़पने लगे।स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मुंशीगंज पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी बुजुर्ग व्यवसायी की हत्या

## एक महिला से था दो प्रेमियो का संबंध शराब पिलाकर चाकू से काटा गला,

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है, जहां एक महिला से चल रहे प्रेम प्रसंग के कारण एक युवक ने बुजुर्ग व्यवसायी की निर्मम हत्या कर दी। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के गल्ला व्यवसायी हरिओम अग्रहरी की 10 जनवरी को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया कि मृतक हरिओम और आरोपी अभिषेक, दोनों का एक ही महिला से प्रेम संबंध था। इसी कारण दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। घटना के दिन अभिषेक ने हरिओम को बुलाया और शाम को घुमाने के बहाने बन्ना टीकर गांव के पास ले गया। वहां उसने पहले हरिओम को शराब पिलाई और फिर चाकू से उनका गला काट दिया।एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने मामले की जांच की। मृतक का शव घर से लगभग चार किलोमीटर दूर टांडा बांदा हाइवे के किनारे मिला था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से एक संदिग्ध युवक की पहचान की, जो बाद में गौरीगंज कस्बे के सरैया अमेठी रोड का रहने वाला अभिषेक सिंह निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ई रिक्शा चालक की लापरवाही से घायल महिला ने पुलिस से की शिकायत

**इलाज का वादा करने के बाद मुकरा चालक**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग की एक महिला ने ई-रिक्शा चालक पर इलाज न करने का आरोप लगाकर थानाध्यक्ष को तहरीर सौंपी है। सुरौली बुजुर्ग निवासी उमा देवी ने बताया कि बीते सात जनवरी को वह सुमेरपुर जाने के लिए प्रेमबाबू के ई-रिक्शा में बैठी थी। गांव में ही प्रेमबाबू ने रिक्शा को ऊंचाई में चढ़ा दिया जिससे बड़कू साहू के मकान के पास ई रिक्शा पलट गया। जिससे उसके पैरों पर गंभीर चोटें आई थी। तब ई रिक्शा चालक ने इलाज में सहयोग करने के लिए कहा था लेकिन अब इलाज नहीं करवा रहा है। उसने बताया कि उसका पुत्र बाहर रहकर मजदूरी करता है। उसके पास इलाज की व्यवस्था नहीं है। पीड़िता ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर ई रिक्शा चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### ओवरटेक के दौरान ट्रक से टकरायी रोडवेज बस यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। रोडवेज बस चालक द्वारा लापरवाही से बस को चलाने व ओवरटेक करने के दौरान बस में सवार सात यात्री घायल हो गए। घायल सभी यात्रियों को पुलिस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत गुरुवार की देर शाम कानपुर से महोबा की ओर जाते समय मकरांव के निकट रोडवेज बस चालक ने लापरवाही से बस चलाते हुए ओवर टेक के दौरान खडे ट्रक में टक्कर मार दी। जिससे कई सवारियां घायल हो गई। बस में सवार सत्यम 21 वर्ष पुत्र राजेंद्र निवासी महोबा, नरेंद्र 20 वर्ष पुत्र चंद्रभान, अजय 19 वर्ष पुत्र छिद्दू निवासी महोबा, शेर अली 23 वर्ष पुत्र युसूफ अली, दीपक 32 वर्ष पुत्र राज प्रकाश निवासी चरखारी, बलराम बलदाऊ 27 वर्ष पुत्र छोटी लाल निवासी महोबा, पीयूष कांत 19 वर्ष पुत्र रमेश निवासी चरखारी घायल हो गए। इनको पुलिस की मदद से मौदहा कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी लोगों का प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार बताया गया है।

# संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में गर्म वस्त्रों एवं खाद्यान्न सामग्री का हुआ वितरण

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



झाँसी। संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में जनपद के शिवपुरी रोड स्थित झांसी होम्स के पास गरीब बस्ती में वस्त्र वितरित किए गये। साथ ही बस्ती में उपस्थित बच्चों को खाद्यान्न सामग्री भी वितरित की गयी। संघर्ष महिला संगठन लगातार सर्दियों के मौसम में असहायों को ठण्ड से निजात दिलाने के लिए गर्म वस्त्रों का वितरण कर रहा है। संगठन की सर्वेक्षण टीम सूचना के आधार पर स्थानों भ्रमण कर ऐसी बस्तियों को चयनित करती है जहां के लोग अभाव में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। तत्पश्चात कोर कमेटी द्वारा प्रस्ताव पारित कर उस बस्ती में वस्त्रों, खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया जाता है। इसी क्रम में संगठन के सभी सदस्य गणेश विहार के समीप स्थित बस्ती में पहुंचे जहां कई लोग सर्दी के प्रकोप से प्रताड़ित दिखे आवश्यकता को देखते हुए संघर्ष महिला संगठन ने वहां सैकड़ो की संख्या में गर्म वस्त्र एवं खाद्यान्न सामग्री वितरित की। इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट नेहा तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट मोना राय, ट्रेजरार रक्षा शर्मा, सेक्रेटरी अंजलि अग्रवाल सहित सीनियर मेंबर्स में शिल्पी गुप्ता, प्रेरणा सहवानी, दीपा गुप्ता, हिना करनानी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 शेखनईम थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त अंसार अली पुत्र राजे निवासी तेतारपुर बरसण्डा नहर कोठी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अलग अलग घटनाओं में पांच लोग हुये घायल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र में हुई अलग अलग घटनाओं में पांच लोग घायल हो गये। सभी घायलों को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकरण 55 वर्ष पुत्र चुनुबाद निवासी पढोरी एवं कुलदीप निषाद 18 वर्ष पुत्र सूरजपाल निवासी गुढ़ा मौदहा कस्बे की ओर आते समय बाइक का संतुलन खो देने से सड़क पर गिरकर घायल हो गए। लहुलुहान हालत में उन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार पप्पू 50 वर्ष पुत्र प्रदेश वर्मा निवासी मकरांव, विजय 53 वर्ष पुत्र पद्दू निवासी इंगोहटा को सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने पर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी तरह अजीत 21 वर्ष पुत्र मनोज कुमार निवासी पढ़ोहरी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**

बच्चों, तुमने अपने घर के आस-पास या चिड़ियाघर में अलग-अलग आकार-प्रकार और रूप-रंग वाले पक्षी देखे होंगे। वैसे तो सभी पक्षियों के शरीर पर चोंच होती है। लेकिन दुनिया में कुछ पक्षी ऐसे हैं, जिनकी चोंच बहुत अनोखी होती है। हम तुम्हें कुछ ऐसे पक्षियों के बारे में बता रहे हैं, जो अपने खास किस्म की चोंच के लिए जाने जाते हैं।



# बड़ी अनोखी होती है इन पक्षियों की चोंच

पक्षी जगत
इंदिरा त्रिवेदी

बच्चों, दुनिया में असंख्य पक्षी पाए जाते हैं। इनमें से कुछ ऐसे पक्षी भी हैं, जिनका नामकरण उनकी चोंच के आकार के आधार पर किया गया है। यह तो तुम जानते ही हो कि चोंच को अंग्रेजी में 'बीक', 'निब' या 'बिल' कहा जाता है। जानो, कुछ ऐसे पक्षियों के बारे में, जिनकी चोंच उन्हें अलग पहचान देती है।

## चम्मच जैसी चोंच वाला स्पूनबिल



चम्मच (स्पून) के आकार की चोंच के कारण इसे 'स्पूनबिल' कहा जाता है। स्पूनबिल की चोंच का आकार चपटा और चम्मच की तरह होता है। यह कम गहराई वाले जल-समूहों (जलाशयों) के आस-पास रहता है। पतले और लंबे पैरों वाले इस पक्षी को नदियों का स्वच्छ पानी और प्राकृतिक पर्यावरण ज्यादा पसंद आता है, जहां उनके लिए बड़ी मात्रा में भोजन उपलब्ध होता है। यह मछलियां, जलीय कीड़े-मकोड़े और छोटे मेंढक आदि खाता है। मादा स्पूनबिल एक बार में 2 से 4 तक अंडे देती है। अंडों की देखभाल नर और मादा मिलकर करते हैं। करीब सात सप्ताह में शिशु स्पूनबिल उड़ने में सक्षम हो जाते हैं। स्पूनबिल रात के अंधेरे में भी अपना शिकार ढूंढ लेते हैं। यूरोप, अफ्रीका और एशिया के कई देशों से स्पूनबिल पक्षी, भारत भी आते हैं। दुनिया भर में स्पूनबिल की कई प्रजातियां पाई जाती हैं, इनमें से रोजेट स्पूनबिल, रॉयल स्पूनबिल आदि शामिल हैं।

**रोजेट स्पूनबिल:** यह अमेरिका से लेकर मध्य अर्जेंटीना में पाया जाता है। दुनिया में स्पूनबिल की पांच प्रजातियां सफेद पंखों वाली होती हैं, लेकिन गुलाबी पंखों वाला यह स्पूनबिल केवल अमेरिका में पाया जाता है।

**रॉयल स्पूनबिल:** इसे ब्लैक-बिल्ड स्पूनबिल भी कहा जाता है। यह ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी और सोलोमन द्वीप समूह के ताजे और खारे पानी के आस-पास पाया जाता है। यह एक दलदली पक्षी है। यह मछली, शंख, केकड़े आदि खाता है। सफेद रंग के इस पक्षी की चोंच पर एक स्पैटुला होता है। *

## जूते जैसी चोंच वाला शूबिल



'शूबिल' नाम दिए जाने की वजह इसकी शू यानी जूते के आकार की चोंच है। यह चोंच करीब एक फीट तक लंबी और 5 इंच तक चौड़ी हो सकती है। इसके किनारे नुकीले होते हैं। साथ ही, सिरे पर एक नुकीला हुक भी होता है, जिसकी मदद से यह फिश, ईल और सांप जैसे जंतुओं का शिकार करता है। इसकी लंबाई लगभग इंसानों के बराबर होती है। शूबिल स्टॉर्क को दुनिया का सबसे भयानक पक्षी भी कहा जाता है, क्योंकि यह बड़े आकार के जंतुओं का भी शिकार कर लेता है। यह मुख्य तौर पर पूर्वी अफ्रीका के देशों इथियोपिया, दक्षिण सूडान और जाम्बिया में पाया जाता है। इसे 'स्टुपिड बर्ड' यानी 'मूर्ख पक्षी' भी कहा जाता है, क्योंकि यह लंबे समय तक अपने शिकार के इंतजार में एक ही पोजिशन में स्थिर खड़ा रहता है। *

## खुली चोंच वाला ओपनबिल



इस पक्षी की चोंच आपस में मिली हुई न होकर, बीच से खुली हुई होती है, इसलिए इसका नाम 'ओपनबिल' पड़ा। इसे एशियाई चोंचखुला (ओपन बिल) या घोंघिल के नाम से भी जाना जाता है। यह बड़े आकार का पक्षी होता है। इसकी चोंच बीच में खुली होने से इसे घोंघा और अन्य छोटे जंतुओं को आसानी से खाने में मदद मिलती है। चोंच का यह खुलापन, शिशु ओपनबिल में नहीं होता, आयु बढ़ने के साथ-साथ इसकी चोंच खुलती जाती है।
ओपन बिल का शरीर भूरा या सफेद रंग का होता है और पंख और पूंछ काले रंग के होते हैं। यह मुख्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है। एशियाई ओपनबिल उथले दलदली, बाढ़ वाले कृषि क्षेत्रों, झीलों और आर्द्रभूमि में रहते हैं। *

## सींग जैसी चोंच वाला हॉर्नबिल



हॉर्न बिल की चोंच लंबी और नीचे घूमी हुई होती है और ऊपर वाली चोंच के ऊपर लंबा सींग (हॉर्न) जैसा उभार होता है। इसी वजह से इसका नाम हॉर्नबिल पड़ा। इसे 'धनेश पक्षी' भी कहा जाता है। हॉर्नबिल सर्वाहारी पक्षी है, जो फल, कीड़े और छोटे जंतु खाता है। दुनिया भर में हॉर्नबिल की करीब 62 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 9 प्रजातियां भारत के घने जंगलों और द्वीपों में पाई जाती हैं। हॉर्नबिल को ग्रेट हॉर्नबिल, ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल के नाम से भी जाना जाता है। यह भारत के अलावा दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में पाया जाता है। *

जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चों, तुमने सुपर मार्केट या शॉपिंग मॉल में व्हील वाला शॉपिंग कार्ट जरूर यूज किया होगा। आजकल तो ये कार्ट्स छोटे-मोटे शॉपिंग स्टोर्स में भी रखे जाते हैं। क्या तुम्हें पता है, ये शॉपिंग कार्ट उपयोग में कैसे आए, जानो।

# शॉपिंग कार्ट की कहानी

बच्चों, जब तुम मम्मी-पापा के साथ किसी शॉपिंग सेंटर में जाते हो तो वहां रखी शॉपिंग कार्ट या ट्रॉली लेकर उसमें सामान रखते होगे। क्या तुम जानते हो इस शॉपिंग ट्रॉली का आविष्कार किसने किया है? इसके आविष्कार की कहानी बहुत रोचक है, जानो-

**हंप्टी-डंप्टी के ऑनर ने बनाई योजना:** बच्चों, हंप्टी-डंप्टी कोई कार्टून कैरेक्टर नहीं है। दरअसल, अमेरिका में एक ग्रॉसरी स्टोर्स की चेन का नाम था- हंप्टी-डंप्टी। उसके ऑनर सिल्वन गोल्डमैन ने नोटिस किया कि कस्टमर्स उतना ही समान खरीदते हैं, जितना वे अपने बास्केट में रख सकते हैं। बास्केट भर जाने पर वे पेमेंट करके चले जाते थे। स्टोर का ऑनर चाहता था कि लोग ज्यादा से ज्यादा समान खरीदें। इसके लिए उसने बास्केट के स्थान पर पहियों वाले शॉपिंग कार्ट रखने की योजना बनाई, जिसमें लोग ढेर सारा सामान रख सकें और स्टोर में शॉपिंग के दौरान इसे लेकर आसानी से चल सकें। साल 1937 में सिल्वन गोल्डमैन ने अपने भाई अल्फ्रेड के साथ मिलकर व्हील्स वाले शॉपिंग कार्ट का निर्माण किया।



**शॉपिंग कार्ट उपयोग करने में लोगों को होती थी झिझक:** जिस शॉपिंग कार्ट को आज लोग बेझिझक सामान रख कर चलाते हैं, शुरुआत में उस कार्ट का प्रयोग करने में लोगों को झिझक होती थी। उन्हें लगता था कि इस कार्ट में सामान रखकर चलते हुए वे अजीब दिखेंगे, इसीलिए स्टोर में शॉपिंग के दौरान कोई भी कार्ट का उपयोग नहीं करता था। *

### काम आया स्टोर ऑनर का आइडिया

स्टोर ऑनर ने कार्ट का इस्तेमाल करने में लोगों की झिझक को दूर करने के लिए एक उपाय निकाला। उसने यंग मेल और फी-मेल मॉडल्स को अपने स्टोर में नियुक्त किया। उन यंग मॉडल्स का बस इतना काम था कि वे शॉपिंग कार्ट में सामान भरकर स्टोर से आते-जाते रहें ताकि लोगों को लगे कि वे खरीदारी कर रहे हैं। इसका प्रभाव यह हुआ कि उन खूबसूरत मॉडल्स को कार्ट का इस्तेमाल करते देखकर बाकी लोग भी कार्ट का प्रयोग करने लगे। इसके बाद तो धीरे-धीरे शॉपिंग कार्ट के प्रयोग का ट्रेंड बढ़ता चला गया। आज लोग शॉपिंग करते समय इसका अधिक से अधित उपयोग करते हैं।



## जीके क्विज-137



1. इन दिनों महाकुंभ का आयोजन भारत के किस शहर में किया जा रहा है?
2. हाल में चर्चा में रहा 'यूरोपा' किस ग्रह का उपग्रह है?
3. किस शब्द को ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर 2024 चुना गया है?
4. वेंबनाड झील भारत के किस राज्य में स्थित है?
5. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
6. जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?
7. रेडियो का आविष्कार किसने किया था?
8. ऑस्टियोपोरोसिस रोग से शरीर का कौन-सा अंग प्रभावित होता है?
9. देश के वर्तमान वायुसेना प्रमुख कौन हैं?
10. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?

बच्चों, जीके क्विज-137 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-136 का उत्तर :** 1.चार, 2.वी. रामसुब्रमण्यम, 3.बिहार, 4.निशानेबाजी, 5.जेनेवा, 6.क्रस्ट, 7.शुक्र, 8.एलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 9. 6 (छह), 10.एपीजे अब्दुल कलाम

**जीके क्विज-136 का सही उत्तर देने वाले :** आकाश-रायपुर, दीप्ति-बिलासपुर, काव्या-भोपाल, ललित-रोहतक, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, कबीर-हिसार, रेखा-सीतापुर, चंद्रकला-अंबिकापुर

## हंसगुल्ले

पिंटू : मम्मी बीस रुपए चाहिए गरीब को देने है।
मम्मी : कहां है गरीब?
पिंटू : बाहर कड़कड़ाती सर्दी में मूंगफली बेच रहा है।
-जतिन, रायपुर

टीचर (सोनू से) : बोर्ड पर तैंतीस (33) लिखो।
सोनू : सर, कैसे लिखते है?
टीचर : तीन लिखो, फिर उसके साइड में एक और तीन लिखो।
सोनू बोर्ड पर 3 लिखकर रुक गया।
टीचर : क्या हुआ, रुक क्यों गए?
सोनू : सर, समझ नहीं आ रहा कि दूसरा तीन इस तीन के किस साइड लिखूं।
-सुमित, बिलासपुर

मिंटू : विटामिन सी सबसे ज्यादा किस चीज में पाया जाता है?
पिंटू : हरी मिर्च में।
मिंटू : तुम्हें कैसे पता?
पिंटू : क्योंकि इसे खाने के बाद मुंह से 'सी..सी..' की आवाज निकलती है।
-हर्षित, रोहतक



कहानी
आशा शर्मा

नंदू, मेले में ऊंचाई वाले चकरी झूले पर बैठ तो गया, लेकिन झूला जैसे ही ऊंचाई पर पहुंच कर नीचे की ओर आता वह बुरी तरह घबरा जाता। दूसरे दिन उसके कान में सीटियां बज रही थीं। उसे डॉक्टर के पास जाना पड़ा, उन्होंने कान में सीटियां बजने की क्या वजह बताई?

# मेला



गांव के बाहर वाले रामलीला मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर मेला लगा था। मेला भी ऐसा कि बस देखते ही रह जाओ। घरेलू सामान और कपड़ों से लेकर मोटर गाड़ी तक सब था। खाने-पीने की बहुत-सी सामग्री के तो नंदू ने केवल नाम ही सुने थे। सबसे गजब जो था, वह था चकरी वाला झूला। पचास फीट ऊंचा झूला रात में देखो तो लगता है जैसे रंग-बिरंगी रोशनी गोल-गोल घूम रही हो। नंदू के लगभग सभी दोस्त इस मेले में घूम आए थे, बस उसी के पापा को समय नहीं मिल रहा था। जब तक पापा घर लौटते, रात हो जाती और फिर बाहर ठंड भी तो बहुत ज्यादा रहती थी। पापा ने रविवार के दिन दोपहर में मेला चलने का वादा किया था।

नंदू बेसब्री से रविवार का इंतजार कर रहा था। उसने अपने दोस्तों के सामने सीना चौड़ा करके कहा था, 'मैं तो उस ऊंचे वाले झूले पर बैठूंगा।'

'तुझे डर नहीं लगेगा?' उसके दोस्त रोहन ने पूछा तो नंदू उसका मजाक उड़ाते हुए बोला, 'मैं कोई बच्चा हूं क्या? बड़ा हो गया हूं। मुझे डर नहीं लगता।' नंदू ने स्टाइल से बालों में हाथ फिराते हुए जवाब दिया।

रविवार को नंदू, हर छुट्टी वाले दिन की तरह जरा देर से उठा। रजाई से बाहर मुंह निकाल कर खिड़की की तरफ देखा तो बहुत उजाला नहीं दिखा। वह फिर से रजाई में घुसने वाला था कि तभी उसकी निगाह सामने लगी घड़ी पर गई तो वह उछल पड़ा, 'अरे! बाप रे! दस बज गए। आज तो मेला जाना है।' वह तुरंत रजाई से बाहर आया। देखा तो चारों तरफ धुंध ही धुंध छाई हुई थी। आंगन में लगे पौधे तेज हवा के कारण हिल रहे थे।

'पूरे कपड़े पहन कर बाहर आना। शीतलहर चल रही है। हवा कान में घुस गई तो बीमार हो जाओगे।' मम्मी ने नंदू को बिना स्वेटर कमरे से बाहर निकलते देखा तो टोका, लेकिन नंदू को कहां उनकी बात सुनने का समय था। वह तो सीधा पापा के पास गया, उन्हें याद दिलाया, 'आज आपने मेले में जाने का वादा किया था।'

'आज नहीं नंदू, फिर किसी दिन चलेंगे। आज मौसम बहुत खराब है। इतनी सर्दी में बाहर जाने से अच्छा है कि हम घर में ही रजाई में घुसे-घुसे कुछ मजेदार खेल खेलें।' पापा ने उसे समझाया, लेकिन नंदू ने उनकी एक नहीं सुनी, मेले में जाने की जिद पकड़ कर बैठ गया। आखिर पापा को उसे मेले में ले जाना ही पड़ा।

नंदू ने ठिठुरते हुए मेला घूमा। चाट खाने के बाद उसने सबसे ऊंचे वाले चकरी झूले पर बैठने की जिद की। पापा ने फिर समझाया कि ऊंचे झूले पर हवा अधिक लगेगी और बीमार होने का खतरा बना रहेगा, इसलिए वह किसी छोटे झूले की सवारी ही करे, लेकिन उसे तो अपने दोस्तों पर रौब जमाना था, इसलिए वह अड़ गया और चकरी वाले झूले पर बैठकर ही माना।

चूंकि अधिक सर्दी के कारण मेले में लोग कम ही थे और झूले पर तो और भी कम, इसलिए नंदू को लाइन में नहीं लगना पड़ा। टिकट लेकर वह झूले पर सवार हो गया। झूले पर उसके अलावा चार-पांच लोग ही थे। झूला चलना शुरू हुआ। झूला ऊपर गया तो नंदू को बहुत मजा आया, लेकिन जैसे ही वह अपनी अधिकतम ऊंचाई से नीचे की तरफ आया, नंदू का कलेजा धक-धक करने लगा। वह भारहीन अवस्था में जो आ गया था। धीरे-धीरे झूले की गति बढ़ती गई और हर चक्कर के साथ नंदू की धुकधुकी भी। ऊपर हवा इतनी ठंडी थी कि नंदू को रोना आने लगा। किसी तरह से झूला थमा और नंदू नीचे उतरा। पापा ने महसूस किया कि नंदू चुप हो गया।

अगले दिन स्कूल जाने पर नंदू को महसूस हुआ मानो उसके कान भारी हो गए हों। सीटियां-सी बज रही थीं। उसे कम सुनाई दे रहा था। दो-चार दिन महसूस करने के बाद उसने अपने पापा को बताया तो वे उसे नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉक्टर के पास लेकर गए।

'हवाई जहाज की यात्रा की थी या ऊंचे झूले पर बैठे थे?' डॉक्टर ने पूछा तो नंदू ने चकरी वाले झूले के बारे में बताया।

'इसे ईयर बैरोट्रोमा कहते हैं, जो अकसर ऊंची जगह पर हवा के दबाव में बदलाव के कारण होता है। फिलहाल बात गंभीर नहीं है, लेकिन भविष्य में ध्यान रखना। यदि ऐसी जगह पर जाना पड़े तो कान में रूई ठूंस लेना।' डॉक्टर ने हंसते हुए बताया और नंदू के लिए दवाइयों की लिस्ट बनाने लगे।

नंदू ने मन ही मन भविष्य में इतने ऊंचे झूले पर नहीं बैठने का संकल्प ले लिया था। *

कविता
डॉ. राकेश चक्र



## कितने प्यारे रंग भर दिए

कितने प्यारे रंग भर दिए
चिड़ियों के पंखों में किसने।
नव-नूतन संसार बनाया
क्या सचमुच ही ईश्वर ने।।


बड़ी मनोहर चिड़ियां आएं
प्रतिदिन अपने बागों में।
साथ सदा मिलकर हैं रहतीं
गाएं नूतन रागों में।।
इनकी चोंच नुकीली अतिशय
मन भी देख लगा रमने।।

काला, पीला, लाल, सुनहरा
खूब सजा पंखों का रंग।
खाएं दाना बड़ी मगन हों
खेलें, उड़ें करें न तंग।।
रखना जल से भरे पात्र सब
धरा लगी लू से तपने।।

पेड़ लगेंगे, चिड़ियां चहकें
नीड़ बनेंगे विटपों के।
हरी-भरी सब धरती होगी
जल पीएं भर मटकों के।
सरल, सहज सब जीवन जीएं
सृष्टि खुद लगेगी सजने।।

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे है, लेकिन इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.बाईं तरफ खड़े लड़के की कैप दूसरी तरफ घूमी हुई है। 2.बाईं तरफ खड़े लड़के के बैग पर बनी कार की इमेज भी अलग डायरेक्शन में घूमी हुई है। 3.बीच में खड़ी लड़की के बैग पर बनी इमेज में कैट की आंखें बंद हैं। 4.पीछे खड़े लड़के की टी-शर्ट पर रोलर स्केट्स की इमेज बनी हुई है। 5.एकदम दाईं तरफ खड़ी लड़की मुस्कुराने के बजाय हंस रही है। 6.एकदम दाईं तरफ खड़ी लड़की के पीछे टंगा बैग गायब है।

## सही वर्ड बनाओ

बच्चों, यहां प्रत्येक चित्र के बगल में कुछ लेटर्स और नीचे लेटर्स की बराबर संख्या में ही बॉक्स दिए गए हैं। तुम इन लेटर्स को सही से अरेंज करके दिए गए बॉक्स में इस तरह से भरो कि बनने वाला वर्ड चित्र में दिए गए एनिमल या ऑब्जेक्ट का नाम हो।




## एक अलग चित्र को खोजो

बच्चों, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी चित्र जोड़े में हैं। एक मात्र चित्र ऐसा है, जो जोड़े में नहीं है। इस अकेले चित्र को ढूंढो।

